संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरुवार, 14 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



अमित शाह संसद भवन परिसर में 2001 में संसद हमले में शहीद हुए बहादुर सुरक्षा कर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 333 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### भजनलाल शर्मा 15 दिसम्बर को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**जयपुर।** राजस्थान के मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 15 दिसंबर को जयपुर के ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल में सुबह सवा ग्यारह बजे शपथ लेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को आमंत्रण भेजा जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम के लिए भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने बुधवार को बताया कि मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा भी शपथ लेंगे। 15 दिसंबर को ही भजनलाल शर्मा का जन्मदिन भी है। शपथ से पहले भजनलाल गिरिराज महाराज के दर्शन करने के लिए भरतपुर भी जाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई बैठक के बाद इस समारोह को लेकर अलग-अलग नेताओं की जिम्मेदारियां तय की गईं।

### भारत ने ओआईसी के बयान को सिरे से किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने अनुच्छेद-370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाने वाले इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के महासचिव के बयान को सिरे से खारिज कर दिया है। सरकार ने इसे गलत जानकारी और गलत इरादे से दिया गया बयान बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ओआईसी के बयान के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। प्रवक्ता ने पाकिस्तान का जिक्र किए बिना कहा कि ऐसा मानवाधिकारों के सिलसिलेवार उल्लंघनकर्ता और सीमा पार आतंकवाद को प्रोत्साहित करने वाले के इशारे पर हो रहा है। इससे ओआईसी पर ही सवाल उठते हैं। इस तरह के बयान केवल ओआईसी की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं। ओआईसी 57 इस्लामिक देशों का संगठन है। ओआईसी का कहना है कि 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को दिया गया विशेष दर्जा हटाने का फैसला पलटा जाए। साथ ही उसने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को आत्मनिर्णय का अधिकार है। संगठन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आह्वान किया है।

# कैसे हुई संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक?

## = दो शख्स कूदे, जूते से कुछ निकाला और धुआं फैलने लगा, दो ने संसद के बाहर किया बवाल

**बड़ी चूक**

8 संसद की सुरक्षा में हुई बड़ी चूक, लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो शख्स नीचे कूद गए।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद पर हमले की बरसी के दिन ही वहां सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो शख्स नीचे कूद गए। सांसदों ने दोनों शख्स को घेर लिया। लोकसभा की सुरक्षा में लगे मार्शल भी तुरंत दौड़कर आए और दोनों को पकड़ लिया। इससे कुछ देर पहले दो लोग संसद के बाहर प्रदर्शन करते दिखे। इनमें से एक महिला भी थी। इनके हाथ में कलर गैस था। दोनों ने बाहर इसका छिड़काव किया। दोनों को सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया। अब यह बात भी सामने आ रही है कि चारों एक-दूसरे को जानते थे।
यह घटना बुधवार दोपहर एक बजकर एक मिनट पर हुई। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल शून्य काल की कार्यवाही को संचालित कर रहे थे।
मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। तभी दो शख्स दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए।
नीले रंग की जैकेट पहना एक युवक शख्स सांसदों की सीट पर कूदने लगा। वह लगभग तीन कतार लांघकर आसन की तरफ जाने लगा। अफरा-तफरी के माहौल के बीच कुछ सांसदों ने हिम्मत दिखाकर उसे घेर लिया। मार्शल भी दौड़कर आ गए। तभी उस युवक ने जूते के अंदर से कुछ पदार्थ निकाला। बाद में सांसदों और मार्शलों ने मिलकर दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने कार्यवाही स्थगित कर दी।

**सांसद के मेहमान के तौर पर आया था शख्स:** बताया जा रहा है कि दर्शक दीर्घा में कूदे दो शख्स में से एक मैसूर के सांसद के मेहमान के तौर पर संसद पहुंचा था। उसका नाम सागर बताया जा रहा है। बसपा से निष्कासित सांसद दानिश अली ने भी बताया कि पकड़े गए एक युवक का नाम सागर है। बता दें कि मैसूर से प्रताप सिम्हा भाजपा सांसद हैं।

**नारे लगा रहे थे युवक:** बसपा सांसद मलूक नागर ने बताया कि उनकी सीट के बगल में ही अचानक एक युवक दर्शक दीर्घा से कूद गया।







### 76 कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र के आठवें दिन निरसन और संशोधन विधेयक, 2023 को राज्यसभा में डेस्क थपथपाकर पारित कर दिया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस विधेयक पर बोलते हुए कहा कि यह कदम जीवन और व्यापार करने में आसानी में सुधार के उसके निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। बता दें कि इस विधेयक में 76 निरर्थक और अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने के लिए प्रावधान किया गया है।

### पुलिस की लापरवाही या इंटेलिजेंस चूक, कहां गायब हो गई सादे कपड़ों वाली टीम

**संसद** के भीतर हुई घटना के बाद केंद्रीय गृह सचिव, आईबी, रॉ, दिल्ली पुलिस, सीआरपीएफ, आईटीबीपी और स्पेशल सैल के शीर्ष अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। घटना की प्रारंभिक जांच शुरू हो गई है। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच चुकी हैं। इस मामले में पुलिस की लापरवाही या इंटेलिजेंस चूक, इस पर रार मच गई है। सुरक्षा बल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस मामले की जांच के बाद पता चलेगा कि असल कोताही किसकी है। अगर कोई व्यक्ति कैप्सूल लेकर संसद में घुसा है तो उस दौरान गेटों पर कौन से सुरक्षा कर्मी मौजूद थे। सपा के सांसद राम गोपाल यादव ने एक बड़ा खुलासा किया है। उनका कहना था कि पहले सदन के बाहर, भीतर और गैलरी के अलावा संसद के चप्पे चप्पे पर सादे कपड़ों में जवान मौजूद रहते थे। उनकी नजर सभी पर रहती थी। अब वह टीम गायब हो गई है। बतौर राम गोपाल यादव, सादे कपड़ों में इंटेलिजेंस के आदमी होते थे। अब वे लोग कहीं दिखाई नहीं पड़ रहे। नए संसद भवन को तो और भी अधिक सुरक्षित बताया गया था। बता दें कि संसद की सुरक्षा के लिए कई बलों को तैनात किया गया है।

### छह लोगों ने मिलकर रची थी पूरी साजिश, गुरुग्राम में रुके थे सभी, दो अभी भी फरार

**नई दिल्ली :** बुधवार को संसद भवन की सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। सुरक्षा घेरा तोड़कर लोकसभा में विजिटर गैलरी से दो संदिग्ध कूद पड़े। संसद की कार्यवाही के दौरान दोनों शख्स बेंच पर चढ़कर कूदने लगे। जिसके बाद वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में सुरक्षाकर्मी दौड़े और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। सांसदों ने दोनों शख्स को घेर लिया। लोकसभा की सुरक्षा में लगे मार्शल भी तुरंत दौड़कर आए और दोनों को काबू में लिया गया। वहीं, संसद भवन के आरोपियों की संख्या छह बताई जा रही है, यह सब लोग गुरुग्राम में रुके थे। पुलिस सूत्रों ने कहा कि दिल्ली पुलिस को संसद की सुरक्षा उल्लंघन के मामले में पकड़े गए चार लोगों के साथ दो और लोगों की संलिप्तता का संदेह है। उन्होंने दावा किया कि सभी छह एक-दूसरे को जानते थे और गुरुग्राम में एक घर में रह रहे थे। गिरफ्तार लोगों के पास से कोई मोबाइल फोन बरामद नहीं हुआ है, पूछताछ जारी है। दिल्ली पुलिस संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में शामिल चार आरोपियों के मोबाइल फोन की तलाश कर रही है। अमोल शिंदे और नीलम संसद के बाहर पकड़े गए और सागर शर्मा और मनोरंजन डी लोकसभा कक्ष के अंदर पकड़े गए। जो पुलिस की गिरफ्त में हैं। दो अन्य की तलाश की जा रही है, जिनकी पहचान ललित और विक्रम के रूप में हुई है साथी होने का संदेह है।

## 'पुणे लोकसभा सीट पर तुरंत कराएं उपचुनाव'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुणे लोकसभा सीट पर उपचुनाव न कराने को लेकर चुनाव आयोग के रूख पर कड़ी आपत्ति जताई है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए पुणे लोकसभा सीट पर तत्काल उपचुनाव कराने के चुनाव आयोग को निर्देश दिए हैं। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को लंबे समय तक प्रतिनिधित्व से वंचित नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति कमल की खंडपीठ ने 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी सहित अन्य चुनावों में व्यस्त होने के चुनाव आयोग के कारण की जमकर आलोचना की। कोर्ट ने इसे विचित्र और पूरी तरह से अनुचित करार दिया। बता दें मार्च माह में भाजपा सांसद गिरीश बापट के निधन के बाद पुणे लोकसभा सीट खाली हो गई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में शासन निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है, क्योंकि वह लोगों की आवाज है। अब क्षेत्र में प्रतिनिधि ही नहीं तो उन स्थानीय लोगों की आवाज कौन उठाएगा।

## मोदी की मौजूदगी में विष्णुदेव साय ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

### विष्णुदेव छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री, अरुण साव और विजय शर्मा बने डिप्टी सीएम, शपथ ग्रहण के बाद साय ने मंत्रालय पहुंचकर कार्यभार संभाला

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
छत्तीसगढ़ में प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में विष्णुदेव साय ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। इसी के साथ विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री बन गए हैं। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव एवं विजय शर्मा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा विशेष रूप से मौजूद थे। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव एवं विजय शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व सांसद ओम माथुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने किया।





**शपथ ग्रहण**

8 छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री के रूप में अरूण साव एवं विजय शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## डॉ. मोहन यादव बने मध्य प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
डॉ. मोहन यादव मध्य प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल पटेल ने जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित विधायक, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, स्वयंसेवक और आम नागरिक उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय नागरिक विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद थे। समारोह में कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंराड संगमा, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस व अजीत पवार एवं नागालैंड के उप मुख्यमंत्री वाय. पैटन शामिल हुए। इसके साथ ही राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, पूर्व मंत्री समारोह में मौजूद रहे।



# '2047 तक दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनेगा भारत'

## अहरी, माछरौली व जहांगीरपुर में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पीएम मोदी ने अमृत काल के आगामी 25 वर्षों में भारत को दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनने में आने वाली चुनौतियों को दूर करने में युवा वर्ग की महती भूमिका होगी। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलके के गांव अहरी व माछरौली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री धनखड़ ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी और अगली युवा पीढ़ी को अपना कौशल निखार कर विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभानी है। मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवी बड़ी




अर्थव्यवस्था है। दवाई निर्माण में एक नंबर पर, वाहन और मोबाइल निर्माण में भारत तीसरे नंबर है और आईटी में क्षेत्र में हमारे युवाओं की धाक दुनिया मान रही है। आने वाले दिनों में जर्मनी व जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। धनखड़ ने कहा कि युवा वर्ग को धरती की सेहत और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, वहीं प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने में भूमिका निभानी होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा पीएम मोदी की अनोखी पहल है जिसकी वह स्वयं निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को प्रदेश के सभी सांसदों के साथ यात्रा से संबंधित विषयों पर फीडबैक लिया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों के तहत बादली हलके के गांव अहरी व माछरौली में लाभार्थियों से सीधा संवाद करते कहा कि मोदी-मनोहर सरकार हर लाभार्थी तक गांव -गांव पहुंच रही है। उन्होंने ठेठ हरियाणवी में कहा कि पहले हम कहते थे कि प्यासे को प्यास बुझाने के लिए कुअे के पाना जाना होता है, अब कुआ प्यासे के पास आ रहा है। पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे । मोदी के सेवाकाल में अधिकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए गांव-गांव आ रहे हैं। मोदी की सोच है कि हर पात्र व्यक्ति को लोक हितैषी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो।

धनखड़ ने कार्यक्रमों में मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पीएम उज्जवला योजना से देशभर की करोड़ों माताओं-बहनों के आंखों से निकलने वाले आंसुओं को पोंछने का काम मोदी ने किया है। जिन पात्र माताओं व बहनों को रसोई गैस नहीं मिला है, उन सभी को गांव गांव जाकर रसोई गैस दिए जा रहे हैं । आज अहरी व माछरौली में भी पात्र महिलाओं को निशुल्क रसोई गैस व चूल्हे दिए गए। आयुष्मान भारत चिरायु योजना से जरूरतमंद लोगों को ईलाज की चिंता नहीं रही। योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी जा रही है।

# संसद की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीरों को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा: नायब सैनी

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं कुरूक्षेत्र लोकसभा से सांसद नायब सिंह सैनी ने भारतीय लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन की रक्षा करते हुए 22 साल पहले शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। बुधवार को संसद भवन परिसर में शहीदों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने के बाद श्री सैनी ने कहा कि पूरा देश हमेशा अपने वीर शहीदों का ऋणी रहेगा और उनके साहस व बलिदान को हमेशा याद रखेगा। इस मौके पर उनके साथ करनाल से सांसद संजय भाटिया भी उपस्थित थे। नायब सैनी ने कहा कि आज ही के दिन 22 वर्ष पहले 13 दिसंबर 2001 में संसद भवन पर आतंकवादियों ने कायरतापूर्ण हमला किया था, लेकिन हमारे जवानों ने अपने जीवन का बलिदान देकर लोकतंत्र के मंदिर



की रक्षा की। श्री सैनी ने कहा कि हमारे वीर जवानों ने अदम्य साहस और शौर्य के साथ आतंकियों को ढेर कर दिया था।
हमारी पीढियां इनकी बहादुरी और शौर्य की गाथा आने वाली पीढ़ियों को सुनाएंगी। श्री सैनी ने कहा कि 22 साल पहले देश के 9 बहादुर जवानों ने हमारे लोकतंत्र के मंदिर को नुकसान पहुंचाने वाले आतंकवादियों की नापाक साजिशों को नाकाम किया था, जिसके चलते आज पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है। श्री सैनी ने बताया कि संसद के दोनों सदनों ने आज शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हमारे वीर शहीदों को उनके साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव याद रखेगा।

# पैट्रोल पम्प संचालकों के साथ एसीपी की बैठक, दिए निर्देश



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
बुधवार को सहायक पुलिस आयुक्त खरखौदा जीत सिंह बेनिवाल ने की पैट्रोल पम्प संचालकों के साथ खरखौदा पुलिस स्टेशन में बैठक की। आपको बतादे कि सोनीपत बी.सतीश बालन, पुलिस आयुक्त सोनीपत के निदेर्शानुसार जीत सिंह बेनिवाल सहायक पुलिस आयुक्त खरखौदा ने थाना खरखौदा में सुरक्षा दृष्टिगत पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त ने थाना खरखौदा क्षेत्र के पेट्रोल पंप संचालकों से रूबरू हुए कहा कि अपने जान माल की सुरक्षा हमारी प्रमुखता होनी चाहिए। अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटवी कैमरा लगवाए। यह भी सुनिश्चित करे कि वो सभी चालू हालत में हो। समय-समय पर उनकी जांच करते रहें और अगर कोई कैमरा खराब हो जाए तो बिना देरी की उसकी मरमत करवाए। सीसीटीवी का कम से कम 2 महीने का बैकअप अवश्य रखें। उनके यूजर आईडी और पासवर्ड अपने पास और पैट्रोल पम्प पर तैनात कर्मचारियों के पास अवश्य होनी चाहिए। आपको यह भी पता होना चाहिए कि कैमरे की पुरानी रिकॉर्डिंग कैसे देखनी है। इसके साथ ही सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा सभी लोग कैमरे को इस प्रकार स्थापित करवाई कि उनमें सामने से गुजरने वाली वाहनों की नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सीसीटीवी की डीवीआर को ऐसी जगह रखें जहाँ आसानी से ना पहुँचा जा सके। कैमरे 24 घंटे काम करते हैं इससे गतिविधियों पर निगाह रखी जा सकती है। सुरक्षा के दृष्टि से डायल 112 तथा पुलिस की गाड़ियां बाजारों में पेट्रोलिंग करती रहती है। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर बिना किसी देरी के पुलिस को सूचित करे। सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा कि आपके पास पैसों के लेनदेन बारे आने वालो के पहचान पत्र अवश्य देखे साथ ही एक रजिस्टर में उनके नाम, मोबाइल नंबर एड्रेस लिखे और दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल कर उसे वेरिफाई कर ले।

# रामबाग मैदान में मनाया जाएगा गीता जयंती महोत्सव: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त डा.** शालीन ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 22 व 23 दिसम्बर को राम बाग मैदान अम्बाला शहर में मनाया जाएगा। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्व को हमें भव्य तरीके से मनाने का कार्य करना है। उपायुक्त गीता जयंती महोत्सव को लेकर की गई तैयारियों बारे पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ एडीसी अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार व नगराधीश विश्वजीत सिंह उपस्थित रहे। उपायुक्त डा. शालीन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समारोह के



सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर पहले ही सम्बन्धित अधिकारियों की डयूटी एवं जिम्मेदारी तय करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 22 दिसम्बर की प्रातः को गीता पाठ के साथ समारोह का आरम्भ होगा और उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति रहेगी। कार्यक्रम में नगाड़ों, बीन वादकों व अन्य की प्रस्तुतियां भी कार्यक्रम का आकर्षण रहेगी। इसी दिन सोहन लाल डीएवी गर्ल्ज कालेज अम्बाला शहर में सेमिनार का आयोजन होगा। इसी प्रकार 23 दिसम्बर को दोपहर बाद शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जोकि शहर के मुख्य बाजारों से गुजरेगी। उन्होंने यह भी बताया कि दोनो दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति रहेगी। उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को कहा कि वे दोनो दिन इन कार्यक्रमों में अपने परिवार के साथ स्वंय उपस्थित रहें ताकि कार्यक्रम की भव्यता और शोभा को और बढ़ाया जा सके। इस मौके पर धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की और उन्हें भी कहा कि वे इस कार्यक्रम के तहत स्टाल व शोभा यात्रा में सम्मिलित हों। उन्होंने एक बार फिर सभी को कहा कि गीता जयंती महोत्सव को हमें धूमधाम से मनाने का काम करना है।
उपायुक्त डा0 शालीन ने विकसित भारत संकल्प जनसंवाद के तहत सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक लेकर उन्हें स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा के तहत जो भी लोगों के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, उन आवेदनों पर सम्बन्धित विभाग तीव्रता से कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। जिन आवेदनों पर कार्य नहीं हो सकता, उस बारे सम्बन्धित प्रार्थी को कारण सहित उसे अवगत करवाएं। उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम में सम्बन्धित एसडीएम को मौजूद रहने व सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को कार्यक्रमों का जायजा लेने बारे भी कहा ताकि जनसंवाद में जो भी परिवाद उनके विभाग से सम्बन्धित आ रहे हैं।

# यातायात पुलिस ने चालक प्रशिक्षुओं को पढ़ाया नियमों का पाठ

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग निर्देश में स्कूलों, कॉलेज व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पढा रही है यातायात नियमों का पाठ । दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को जिला यातायात कोर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल द्वारा नया बस स्टैंड कुरुक्षेत्र पर भारी वाहन लाईसैंस के लिए आए प्रशिक्षुओं को यातायात नियमों की पालने करने बारे जागरुक किया।यातायात कोर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल ने भारी वाहन ड्राईविंग लाईसैंस के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सडक पर चलते समय दूसरो को भी सडक पर चलने का अधिकार दें। उन्होने कहा कि जब भी आप सडक पर चलते है तो आपका फर्ज बनता है।

# रोटी बैंक ने ईट भट्टों पर जरूरतमंदों में किया भोजन वितरण

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा आज मथाना के ईंट भटठों पर भोजन वितरण किया गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा और महासचिव करमचंद द्वारा भोजन वितरण किया गया। इससे पूर्व नागरिक अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र और अन्य सुनिश्चित स्थानों पर भोजन भेजा गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र में 2018 से



प्रतिदिन एक समय का भोजन वितरण करने में जुटी हुई है। इसके अतिरिक्त आपदा के समय चाहे वह कोरोना का समय रहा हो अथवा बाढ़ पीड़ितों का भरण पोषण करना हो रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र ने सदा ही आगे बढ़कर के इस कार्य में मुख्य भूमिका निभाई है। इतना ही नहीं रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा सर्दियों के समय में जरूरतमंदों को गर्म कंबल जर्सियां और अन्य पहनने के वस्त्र भी वितरित किए जाते हैं। डॉक्टर वर्मा ने बताया रोटी बैंक शाखा का श्री गणेश हरियाणा पुलिस के दबंग आईपीएस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव भारतीय पुलिस सेवा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिसार मंडल के दिशा निर्देशों से हरियाणा के विभिन्न जिलों में चलायमान है।

# जागरूकता से ही बीमारियों से बचा जा सकता है: शुचिस्मिता



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में एड्स पर एक दिवसीय व्याख्यान व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता ने कहा कि जागरूकता से ही भयंकर बीमारियों से बचा जा सकता है। एड्स बहुत ही भयंकर बीमारी है इससे केवल जागरूकता से ही बचा जा सकता है। विश्वविधालय भी विद्यार्थियों के हित के लिए समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है।इस अवसर पर डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व निदेशक यूआईईटी संस्थान प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा की रेडक्रास सोसाइटी पंचकूला के आह्वान पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका सीधे रूप से विद्याथीयों के साथ संस्थान को फायदा मिलेगा।इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि केयू स्वास्थ्य केंद्र के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. आशीष अनेजा ने कहा कि विद्यार्थियों को बड़ी-बड़ी बीमारियों से बचने के लिए तनाव रहित जीवन जीना चाहिए। जो विद्यार्थी तनाव रहित विद्यार्थी जीवन में जीते हैं उन्हें संभवत लक्ष्य हासिल होता है। कई बार विद्यार्थी ऐसी गलती कर बैठते हैं बड़ी-बड़ी बीमारियों का शिकार हो अपना करियर बर्बाद कर लेते हैं।रेडक्रॉस काउंसलर डॉ. अमिता गुप्ता ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी दमनदीप कौर ने पहला स्थान, पंकज शर्मा ने दूसरा स्थान व हिमांशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर स्टाफ सेक्रेटरी डॉ. राजेश अग्निहोत्री, डॉ. रीटा, डॉ. उर्मिला, डॉ. सुनील ढींगरा, रविंद्र तोमर, अधीक्षक सतनारायण, हरिकेश पपोसा, हर्षित प्रकाश, उत्सव, कनिका, रमन व कुशल मौजूद रहे।

# वंचित रह गए लोगों को योजनाओं से जोडकर किया जा रहा है लाभान्वित: बतान

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** भाजपा के जिला अध्यक्ष रवि बतान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा के दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहे पात्र लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार की योजनाओं पर पहला हक गरीबों का है। प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार मुख्य ध्येय है। हर जरूरतमंद व्यक्ति के लिए सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए लोगों को ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं।
भाजपा के जिला अध्यक्ष रवि बतान बुधवार



को थानेसर विधानसभा के गांव दौलतपुर में विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का स्वागत करने उपरांत ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ में उन्होंने आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने की शपथ भी लोगों को दिलाई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड ?ा है। साढ़े नौ सालों में मोदी सरकार और 9 सालों में मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं, यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोडक? लाभान्वित किया जा रहा है। कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरियों में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले बीपीएल परिवारों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है। उस अंत्योदय परिवार के उम्मीदवार को सरकारी नौकरियों की भर्ती में पांच अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं, जिसका कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं है सरकार द्वारा ऐसे गरीबों का चूल्हा चलाने के लिए उन्हें स्वरोजगार से जोड़ रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं, जिन्हें इस यात्रा के जरिये जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया और विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। उन्होंने अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ स्टालों का अवलोकन किया। मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने मन की बात साझा की।

# कृषि के साथ पशुधन व्यवसाय किसानों की आमदनी का स्त्रोत: धर्मवीर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड हरियाणा व पशुपालन डेयरी विभाग कुरुक्षेत्र के सहयोग से गांव अमीन में पशुपालक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसमें हरियाणा डेयरी एवं पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। चेयरमैन ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया व पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामूहिक बीमा योजना के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि पशु एक एटीएम की तरह काम करता है, कृषि के साथ पशुधन व्यवसाय किसानों के लिए आमदनी का स्त्रोत है। यदि पशु की अकाल मृत्यु हो जाती है तो



पशुपालक साथी को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। यदि पशुपालक साथी ने अपने पशुओं का बीमा करवाया हुआ है और किसी कारणवश पशु की अकाल मृत्यु हो जाती है तो पशुपालक साथी को उसे पशु का बीमा कंपनी के माध्यम से मुआवजा मिल जाएगा और पशुपालक साथी आर्थिक नुकसान से बच जाएगा।
उन्होंने कहा कि पशुपालक सरल पोर्टल के माध्यम से इस योजना के लिए आवेदन कर सकता। नेशनल

**जागरूकता**

**8 पशु की अकाल मृत्यु हो जाती है तो पशुपालक साथी को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।**

लिवस्टॉक मिशन के अंतर्गत पशुपालक दुधारू पशुओं 2 करोड़ तक की बड़ी इकाई पर व साईलेज इकाई पर 50 फीसदी का अनुदान का प्रावधान है। मुंह खुर व गलगोटू जैसी खतरनाक बीमारियों से पशु को बचाने के लिए विभाग समय-समय पर संयुक्त टीकाकरण अभियान चलाता रहता है। इस वर्ष अभियान के अंतर्गत जिला कुरुक्षेत्र में लगभग 2 लाख 15 हजार गाय व भैंसों का टीकाकरण निशुल्क व घर द्वार पर किया गया। कृत्रिम गभार्धान पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में बेसहारा बछड़ों की समस्या के निजात के लिए सिर्फ बछडिया पैदा करने वाले उच्च कोटि के कृत्रिम गभार्धान टीका का प्रयोग हो रहा है। शिविर में मौके पर ही खनिज लवण व कृमिकरण की दवाई पशुपालकों को निशुल्क वितरित की गई व खनिज लवण के महत्व के बारे में भी पशुपालकों को जागरूक किया गया। इस मौके पर डा संजय अंतिल उपनिदेशक, डॉ पंकज, डॉ उत्पल, डॉ रविन्द्र, डॉ मनजीत, डॉ कृष्ण लाल,डॉ जसवीर, डॉ परवीन, मुल्तान विशेष अधिकारी, ग्राम सरपंच गौरव आदि उपस्थित रहे।

# 17 से 23 दिसंबर तक सन्निहित सरोवर पर होगा श्रीमदभागवत कथा का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड एवं राष्ट्र सेविका समिति के सहयोग से 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन सन्निहित सरोवर पर किया जा रहा है। इस अवसर पर व्यास पीठ से डा. स्वामी शंकरानंद सरस्वती जी महाराज अमृत वर्षा बरसाएगें। इस भागवत कथा के शुभारंभ पर दोपहर 2 बजे मुख्य अतिथि सुभाष सुधा विधायक थानेसर होंगे। यह जानकारी श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के मुख्य सलाहकार एवं केडीबी के पूर्व सदस्य जय



नारायण शर्मा ने दी।
उन्होंने बताया कि कथा के शुभारंभ पर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा को मुख्यमंत्री ऐच्छिक निधि से निर्माण कार्य के लिए 21 लाख रुपए दिलवाने के लिए विधायक सुभाष सुधा का सभा द्वारा अभिनंदन किया जाएगा और उनका आभार प्रकट किया जाएगा। उन्होंने 21 लाख रुपए देने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।
जय नारायण शर्मा ने बताया कि कथा के समापन अवसर पर 23 दिसंबर को प्रातः 11 बजे गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से 1 मिनट एक साथ-गीता पाठ सामूहिक रुप से सभा के सदस्यों और तीर्थ पुरोहितों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर गीता मनीषी के निदेर्शानुसार सभा के सभी सदस्य व तीर्थ पुरोहित गीता के प्रथम, मध्य और अंतिम श्लोक का सामूहिक रूप से पाठ करेंगे।

# चंडीगढ़: मुख्यमंत्री ने दिया कच्चे कर्मचारियों को मनोहर तोहफा

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 90 हजार से अधिक कर्मचारियों को किया गया है समायोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कच्चे कर्मचारियों को ठेकेदारों के चंगुल से बचाने के लिए आउटसोर्सिंग पालिसी को तर्कसंगत बनाकर लगभग 90 हजार से अधिक कर्मचारियों को विभिन्न विभागों में समायोजित करके मनोहर तोहफा दिया है। इसके अलावा कर्मचारियों के नाम पर राजनीति करने वाले सो कॉल्ड कर्मचारी यूनियनों के प्रधानों को करारा जवाब दिया है, जिसकी चर्चा देश भर में हो रही है। कच्चे कर्मचारियों को ईपीएफ अंशदान व ईएसआई के नाम पर ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे शोषण की शिकायतों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया है और कर्मचारियों को एक ही छत्त के नीचे सभी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन करवाया है।



**सरकार ने एक लाख से अधिक युवाओं को दी नौकरी**

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल मानते हैं कि लोकतंत्र में कर्मचारी सरकार चलाने के लिए अहम कड़ी होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए गत 9 वर्षों में सरकारी कर्मचारियों की नियमित भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से मेरिट आधार पर पूरा कर 1 लाख 10 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दी हैं। इसके अलावा लगभग 60 हजार से अधिक पदों की भर्ती प्रक्रिया विभिन्न चरणों में है। जिन विभागों में तत्काल कार्य बल की आवश्यकता है ,उसे पूरा करने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम एक अहम भूमिका निभा रहा है। लगभग 20 दिनों में विभागों की आवश्यकता के अनुसार कर्मचारियों को नौकरी के जॉब ऑफर लेटर जारी किए जाते हैं।

**ग्लोबल नेतृत्व भारत के ब्रेन-ड्रेन को अपनाने के लिए है प्रयासरतः** विश्व की युवा जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करने वाले भारत पर ग्लोबल नेतृत्व की निगाहें हैं। वे भारत के ब्रेन-ड्रेन को अपने देशों में लाने के लिए प्रयासरत हैं। वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को वर्ष 2047 तक विकसित भारत का एक महत्वपूर्ण स्तंभ माना है। उन्होंने युवाओं से अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से इनोवेटिव आइडिया देने का आह्वान किया है। देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय पंजाब यूनिवर्सिटी के छात्र भी मुख्यमंत्री की भर्ती प्रक्रिया के कायल हैं।

विगत 9 वर्षों की हरियाणा सरकार की उपलब्धियों के पहली बार चंडीगढ़ के प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर डिजिटल बोर्ड लगे हैं। रोज गार्डन, आर्ट कालेज, राक गार्डन और सुखना लेक सहित कई जगहों पर शैक्षिक भ्रमण आने विद्यार्थी भी डिजिटल विज्ञापनों पर दर्शाए गए बिन पर्ची-बिन खर्ची योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी के बारे गाइड से भी पूछते हैं। इसके अलावा देश-विदेश से आने वाले सैलानी भी इन विज्ञापनों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। बुद्धिजीवी वर्ग चाहे वह मीडिया से जुड़ा है या साहित्य से जुड़ा या फिर सिविल सोसाइटी से जुड़ा है, हर कोई ये जानकारी ले रहा है।

कौन है मनोहर लाल।

मुख्यमंत्री सच कहना, सुखी रहना है मनोहर लाल की कार्यशैली मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से पिछले 9 वर्षों से कहते आ रहे हैं कि जो काम संभव है, वे वहीं करते हैं चाहे इसके लिए उन्हें पार्टी के नेताओं की नाराजगी भी क्यों न झेलनी पड़े।

### हरियाणा का सुपर 100 कर रहा प्रतिभावान छात्रों के सपने साकार

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की प्रेरणा से शुरू किया गया सुपर- 100 कार्यक्रम होनहार छात्रों के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सुपर 100 कार्यक्रम की पहली छात्रा काजल को माइक्रोसॉफ्ट से 31 लाख की सैलरी का पैकेज ऑफर हुआ है। फतेहाबाद के इंदाछोई गांव की रहने वाली काजल वर्तमान में आईआईटी बॉम्बे में कंप्यूटर साइंस में बी.टेक की पढ़ाई कर रही है। वहीं सुपर 100 कार्यक्रम के पहले बैच के एक अन्य छात्र प्रवीण को सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर ट्रेसाटा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड से 18 लाख का पैकेज ऑफर हुआ है। प्रवीण आईआईटी दिल्ली के छात्र हैं और सिरसा के मुन्नावाली गांव के रहने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि सुपर 100 प्रोग्राम के पहले बैच के छात्र इस साल कैंपस प्लेसमेंट में शामिल हो रहे हैं। भविष्य में और भी कई छात्रों का चयन होने की उम्मीद है। दोनों छात्रों ने साझा किया कि सुपर 100 कार्यक्रम ने उनकी इस उपलब्धि में बहुत बड़ा योगदान किया है। इस कार्यक्रम ने उन्हें सही मार्गदर्शन और उच्च शिक्षा की सुविधा प्रदान की है, जिससे उन्होंने अपनी क्षमताओं को पूरे पोटेंशियल तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि सुपर 100 कार्यक्रम ने उन्हें जीवन में सही दिशा में बढ़ने की कला सिखाई है, जो उन्हें अगले कदमों के लिए तैयार करेगी। छात्रों ने हरियाणा सरकार, विशेषकर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है और उन्हें उनकी सहयोगी नीतियों के लिए सराहा। इस महत्वपूर्ण मौके पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने उन सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी जो इस सफलता का हिस्सा बने हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा, "हमारे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों ने अपनी मेहनत और समर्पण से साबित किया है कि अगर उन्हें सही मार्गदर्शन और समर्थन मिलता है तो वे भी किसी भी क्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।



हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम योजनाओं का लाभ देने के लिए सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। 12 दिसंबर को लगभग 88 हजार लोगों ने यात्रा में भाग लिया और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। यात्रा के दौरान लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी दर्ज कराए।

## गरीब को सशक्त कर रही मोदी सरकार: राज्यमंत्री कमलेश ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बीते साढे 9 साल में गरीब के दर्द को न केवल समझने का काम किया है, बल्कि उसे मरहम लगाते हुए उनके जीवन में सहूलियत को बढ़ाने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व की सरकार गरीब को छत देने से लेकर चूल्हा तक उपलब्ध कराने की दिशा में मजबूती से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गारंटी की गाड़ी इस व्यवस्था को घर-घर पहुंचाने में सफल साबित हो रही है।

बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा जिला कैथल के कलायत विधानसभा के गांव वजीर नगर और चौशाला में पहुंची, जहां एसडीएम देवेंद्र शर्मा, पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा उनका फूल - मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाने उपरांत राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ सीधा संवाद किया।

## कांग्रेस की सोच गरीब, किसान के हित में नहीं: डिप्टी सीएम

**= जल्द पूरा किया जाएगा गांवों की लंबित पड़ी चकबंदी का कार्य, सेवानिवृत कर्मचारियों की होगी भर्ती: दुष्यंत चौटाला**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि कांग्रेसी और कांग्रेस विचारधारा वाले कुछ लोग उचाना को विवाद का केंद्र बनाकर भाईचारा खराब करना चाहते हैं लेकिन हम किसी सूरत में भाईचारे को खराब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा गठबंधन सरकार ने नई योजनाएं बनाकर किसानों को लाभ पहुंचाया है लेकिन पूर्व कांग्रेस सरकार में कभी किसानों की सुध नहीं ली गई। वे उचाना हलके के दौरे के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। बुधवार को डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने उचाना और नरवाना हलके में विभिन्न गांवों में ग्रामीण सभाओं को संबोधित किया। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय में किसानों को फसल बेचने के लिए दो-दो दिनों तक मंडियों में सोना पड़ता था और दो महीनों तक किसानों की फसलों का भुगतान नहीं होता था इसलिए गठबंधन सरकार पर आरोप



लगाने से पहले कांग्रेसियों को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार ने पूर्व कांग्रेस सरकार की तरह किसानों को मुआवजे के दो-दो रुपए के चेक नहीं बांटे बल्कि किसानों के हित में नीति बनाकर 15 हजार रुपए प्रति एकड़ तक मुआवजा राशि देने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों की मानसिकता गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के हित में नहीं है क्योंकि वे मौजूदा सरकार द्वारा किसानों के हित में उठाए गए पोर्टल के जरिए फसल खरीद, तुरंत भुगतान जैसी नीतियों को बंद करने की बातें करते है, इससे जाहिर होता है कि कांग्रेस पूराने समय के अंग्रेजों के शासन को चलाना चाहती है ताकि गरीब आदमी अफसरों के चक्कर काटते रहे और इससे कांग्रेसियों की राजनीति चलती रहे। नरवाना में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नरवाना के गैबी साहिब मंदिर तालाब को ऐतिहासिक धरोहर बनाया जाएगा और इस पर 5 करोड़ 63 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नरवाना के विकास के लिए अब तक 800 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है और इस राशि से नरवाना की तस्वीर बदलने का काम किया गया है, जिसका सीधा फायदा क्षेत्र के लोगों को मिला है।

## न्यूज फ्लैश

### समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा

**चंडीगढ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को ज़िला गुरुग्राम के पटौदी खंड के गांव ढाणी चित्रसेन व गुढ़ाना में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पटौदी के विधायक श्री सत्यप्रकाश जरावता व ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ यात्रा का स्वागत किया। श्री सत्यप्रकाश जरावता ने इस दौरान दोनों गांवो में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं सुनवाई कर उपस्थित सभी ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प शपथ दिलाई। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसान से लेकर विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन तक को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व गांव - गांव पहुंचने वाली जागरूकता वैन तथा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए जा रहे जागरूकता शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांवों में आ रहे रथ सामान्य नहीं हैं, बल्कि यह एक तरह से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने की गारंटी है। इस रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की अनेक ऐसी योजनाएं हैं, जिनका जागरूकता के अभाव में पात्र व्यक्ति लाभ नहीं उठा पाते। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक करें और जरूरतमंद लोगों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। कार्यक्रम के तहत दोनों गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में मोबाइल वैन में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का प्रसारण दिखाया गया।

### जल्द पूरा किया जाएगा गांवों की लंबित पड़ी चकबंदी का कार्य

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गांवों में लंबित पड़े चकबंदी के कार्य को जल्द सिरे चढ़ाया जाएगा, इसके लिए अनुबंध आधार पर सेवानिवृत कर्मचारियों को भर्ती करने का निर्णय लिया गया है। सरकार की ओर से इसकी अनुमति देकर उपायुक्त को भर्ती प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है। उप मुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला ने चरखी दादरी जिला के विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि चार साल पहले प्रदेश सरकार के गठन के समय 125 गांवों की चकबंदी का कार्य लंबित था।

## सीएम विंडो के नाम पर जनता को किया गुमराह: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर हरियाणा सरकार द्वारा 09 वर्ष पूर्व संचालित सीएम विंडो योजना जनता को गुमराह करने के अलावा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली योजना साबित होकर रह गई है। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 9 वर्ष पूर्व सीएम विंडो के नाम से एक योजना शुरू की गई जिसके माध्यम से लोगों की



शिकायतों का 1 महीने के भीतर से समाधान का दावा किया गया लेकिन हकीकत में देखा जाए तो लोगों की शिकायतें कई सालों से लंबित पड़ी है इसके अलावा अनेक शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारी बिना जांच पड़ताल किए ही बंद कर रहे हैं जो कि शिकायतकताओं के साथ भद्दा मजाक उड़ाया जा रहा है। प्रदेश के मुखिया ने जनता की समस्याएं व शिकायतें धरातल पर जाकर सुनने की बजाय एक वेबसाइट का सहारा लेकर अपना पीछा छुड़वाया ताकि लोगों के बीच में जाएंगे तो उनसे सवाल-जवाब करने पड़ेंगे। सत्ता में रहकर इस वेबसाइट के सहारे सरकार चलाते रहे और सीधा संपर्क बंद कर दिया जैसे ही चुनावों का समय आया तो पूरे मंत्रिमंडल को जन संवाद की याद आई है।

## लेफ्टिनेंट कमांडर विपिन ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय से आज बुधवार को लेफ्टिनेंट कमांडर विपिन श्योराण ने राजभवन हरियाणा में शिष्टाचार मुलाकात की। श्री श्योराण ने राज्यपाल हरियाणा को खेलों के संबंध में हासिल की गई अपनी उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। श्री बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्हें शाल उढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर उनकी बहन प्रो0 कीर्ति श्योराण तथा शिक्षाविद श्री सोनम श्योराण भी उपस्थित रहीं। लेफ्टिनेंट कमांडर विपिन श्योराण ने बताया कि



आयरनमैन ट्रायथलॉन चैंम्पियनशिप विश्व ट्रायथलॉन कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित लंबी दूरी की ट्रायथलॉन दौड़ की एक श्रृंखला है। पहला आयोजन 1978 में हवाई में हुआ था, जिसमें 3.8 किमी तैराकी, 180 किमी साइकिलिंग की सवारी और 42.2 किमी मैराथन दौड़ शामिल थी। तब से चौंपियनशिप का विश्व स्तर पर विस्तार हो गया है, कैलुआ-कोना, हवाई में वार्षिक आयरनमैन विश्व चैंपियनशिप, शिखर घटना है, जो दुनिया भर के शीर्ष एथलीटों को आकर्षित करती है। आयरनमैन ट्रायथलॉन की दुनिया में सहनशक्ति और एथलेटिकवाद का प्रतीक बन गया है। लेफ्टिनेंट कमांडर विपिन श्योराण, जो हरियाणा के जिला भिवानी वर्तमान में जिला चरखी दादरी के रहने वाले हैं, 01 जनवरी 2013 को भारतीय नौसेना में शामिल हुए। अधिकारी एक योग्य कामोव-31 और चेतक हेलीकॉप्टर पायलट हैं, जिन्होंने दिन और रात में 1400 घंटे से अधिक उड़ान भरी है। 2006 में उन्होंने हॉकी में राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया और रजत पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। वह दौड़ में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के साथ एक शौकीन खिलाड़ी हैं।

## ऑटो अपील प्रणाली पर अधिसूचित सेवा को जोड़ने का किया आग्रह

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश जारी किए हैं, जिसमें उनसे ऑटो अपील सिस्टम (एएएस) पर उनके उप-भागों सहित सभी शेष अधिसूचित सेवाओं के लिए ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया गया है।

इसका उद्देश्य निरंतर निगरानी सुनिश्चित करना है। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग द्वारा शुरू की गई ऑटो अपील प्रणाली, उन मामलों में नागरिकों की ओर से स्वचालित रूप से अपील दायर करके संचालित होती है, जहां नामित अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर अधिसूचित सेवाएं प्रदान करने में विफल रहते हैं या वैध औचित्य के बिना आवेदनों को अस्वीकार करते हैं। ये अपीलें शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से आगे बढ़ती हैं, यदि देरी या अस्वीकृति बनी रहती है तो आयोग के पास शिकायतें बढ़ जाती हैं। मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने उक्त निर्देश राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, परिवहन, गृह, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के कल्याण बोर्ड, शहरी स्थानीय निकाय, खाद्य एवं औषधि प्रशासन को दिये।

## नेक मुहिम: ऑपरेशन स्माइल-2 से 3000 से अधिक घरों में लौटी मुस्कान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल-2 के तहत नवंबर माह 2023 में कुल 3219 गुमशुदा बच्चों और वयस्कों को खोजकर उनके परिवारों की खोई हुई मुस्कान वापस लाने में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस दौरान पुलिस की टीमों द्वारा 893 गुमशुदा बच्चों , 853 व्यस्कों , 561 भिखारियों, 518 बंधुआ मजदूरी करने वाले बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। इसके साथ ही इस अभियान के तहत 484 बच्चों को बाल गृह पहुंचाया गया है। इस संबंध में आज यहां जानकारी देते हुए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक डीजीपी श्री शत्रुजीत कपूर ने बताया कि हरियाणा पुलिस गुमशुदा व्यक्तियों की पहचान करते हुए उन्हें अपने परिजनों से मिलवाने के लिए सक्रियता से प्रयास कर रही है। कर्तव्य से आगे बढ़कर अपनी डयूटी को बखूबी निभाते हुए हरियाणा पुलिस की टीमों ने यह उपलब्धि हासिल की है। साथ ही पुलिस द्वारा इस माह नवंबर मे 561 भिखारियों और 518बाल श्रमिकों का पता लगाकर उन्हें रेस्क्यू किया गया है। ये बच्चे अपनी आजीविका के लिए छोटे-मोटे काम करते हुए पाए गए थे। माह नवंबर 2023 में बच्चों व वयस्कों में से 2246 को पुलिस की फील्ड इकाइयों द्वारा ट्रेस किया गया तथा 973 गुमशुदा लोगों की स्टेट क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट(एएचटीयू) द्वारा तलाश की गई। राज्य अपराध शाखा हरियाणा की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ममता सिंह ने बताया कि राज्य अपराध शाखा के तहत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने भी 18 साल से अधिक उम्र के 82 व्यक्तियों का पता लगाया।

## सांसद दीपेंद्र ने उठाया मुद्दा, बाढ़सा हरियाणा के मानचित्र से गायब

**हरियाणा में मजबूत नहीं मजबूर सरकार, बड़े-बड़े प्रोजेक्ट जा रहे हैं लेकिन हरियाणा सरकार विरोध की आवाज तक नहीं उठा रही: दीपेंद्र हुड्डा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने संसद में हरियाणा के झज्जर (बाढ़सा) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के विस्तृत परिसरों में काम की मौजूदा स्थिति का ब्योरा मांगते हुए पूछा कि इसके काम में अप्रत्याशित विलंब क्यों हो रहा है, इसका काम कब तक पूरा हो जाएगा और झज्जर परिसर पूरी क्षमता के साथ कब से शुरू हो जाएगा। उनके सवाल का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने आईआईटी झज्जर के काम के बारे में कोई तथ्य नहीं बताया और सोनीपत के लिए गोल-मोल जवाब दे दिया। इससे असन्तुष्ट सांसद दीपेन्द्र ने कहा कि सरकार के जवाब से ऐसा लगता है कि आईआईटी झज्जर (बाढ़सा) को सरकार ने हरियाणा के मानचित्र से गायब कर दिया है। उन्होंने बताया कि काउंसिल ऑफ क्कव्लह्म२ के भारतीय संसद से एकमात्र निर्वाचित सदस्य के तौर पर उनकी पहल पर ही 1 नवंबर, 2011 को आईआईटी सलाहकार परिषद् की 43वीं बैठक में हरियाणा में आईआईटी दिल्ली के दो ह्यसेंटर ऑफ एक्सीलेंसह्ल को मंजूरी दी गई। इनमें से एक बाढ़सा, झज्जर में और दूसरा राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, सोनीपत में प्रस्तावित कराया गया था। 24 अक्टूबर, 2013 को



हरियाणा के तकनीकी शिक्षा विभाग ने आईआईटी दिल्ली को 50 एकड़ जमीन ट्रांसफर करने के ऑर्डर भी कर दिए थे। दोनों परिसरो की आधारशिला 21 दिसम्बर, 2013 में काउंसिल ऑफ क्कव्लह्म२ के भारतीय संसद से एकमात्र निर्वाचित सदस्य एवं सांसद दीपेंद्र हुड्डा की उपस्थिति और पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री पल्लम राजू द्वारा रखी गई थी। मगर साढ़े 9 साल बाद भी आईआईटी दिल्ली कैम्पस के झज्जर परिसर का काम भाजपा सरकार पूरा नहीं करा पाई। जबकि वे लगातार इसके काम के संबंध में विभागीय मंत्री से मिलकर जल्द काम पूरा कराने का अनुरोध करते रहे हैं। इसी क्रम में 6 अप्रैल, 2018 को उन्होंने तत्कालीन केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह से स्वयं मुलाकात कर आईआईटी का काम तेजी से पूरा कराने को कहा था जिसके बाद केन्द्रीय मंत्री सत्य पाल सिंह ने 17, जुलाई, 2018 को लिखित तौर पर बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आईआईटी दिल्ली को जमीन सौंपी नहीं गई, जिसके कारण काम शुरू नहीं हो सका।

## न्यूज फ्लैश

### व्हीकल चोरी करने वाला एक आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**एंटी व्हीकल** थेफ्ट यूनिट की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी प्रियांशु पाल पुत्र बड़ेलाल वासी ओल्ड एलआईजी मधुबन को बजीदा रोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से उसकी निशानदेही पर एक मोटरसाइकिल व एक थ्रीव्हीलर बरामद किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी प्रियांशु ने 18 नवंबर को शिकायतकर्ता पवन वासी हसनपुर का थ्रीव्हीलर पक्का पुल ऊंचा सामना से चोरी किया था और 20 नवंबर को पवन वासी मधुबन की मोटरसाइकिल बारात घर मधुबन से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में दो मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी ने जल्दी अमीर बनने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### एक किलो 844 ग्राम चरस और 7 ग्राम 14 मिलीग्राम स्मैक सहित आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**नारकोटिक** सेल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी हरजिंद्र सिंह पुत्र बलविंद्र सिंह वासी गुरुनानकपुरा करनाल को गुरुनानकपुरा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी हरजिंद्र के कब्जे से 7 ग्राम 14 मिलीग्राम स्मैक व 1 किलो 844 ग्राम चरस बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी हरजिंद्र के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी नशा सेवन करने और बेचने का आदी है। आरोपी यह नशीला पदार्थ उत्तर प्रदेश के शामली जिला से लेकर आया था। आरोपी को आज न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जिस व्यक्ति से आरोपी हरजिंद्र यह नशीला पदार्थ खरीदकर लाया था, उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

### अवैध देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**सीआईए वन** की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी सचिन उर्फ काकू पुत्र सुरेंद्र उर्फ बंजारा वासी कुटेल जिला करनाल को ऊंचा समाना रोड मधुबन से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की आगामी तफ्तीश में पाया गया कि आरोपी सचिन यह असला शौकिया तौर पर उत्तर प्रदेश के मुरसलीन नाम के व्यक्ति से करीब चार महीने पहले आठ हजार रुपए में खरीदकर लाया था। आरोपी सचिन को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**थाना सिविल** लाइन की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी शामबहादुर उर्फ सोनू पुत्र दलबहादुर वासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी कुंजपुरा रोड करनाल को निर्मल कुटिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से उसकी निशानदेही पर एक लैपटॉप बरामद किया गया। मामले की जांच में पाया गया कि आरोपी ने 10 दिसंबर को शिकायतकर्ता डॉक्टर प्रियंका का लैपटॉप और पर्स ट्रॉमा सेंटर से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में आईपीसी की धारा 457,380 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी से पूछताछ में पाया गया कि आरोपी अत्यधिक नशा करने का आदी है, जिसने नशापूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के खिलाफ पहले भी करीब ग्यारह मुकदमे चोरी के तहत दर्ज हैं। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# नगला फार्म और मुस्तफाबाद पहुंची विकसित भारत यात्रा

## जन-जन की समस्या निवारण के लिए समर्पित है भाजपा सरकार: हरविंद्र, सेवा भाव से करें समस्या का समाधान अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। घरौंडा** के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि अधिकारी सेवा भाव से कार्य करें। स्टॉल पर पहुंचे हर पात्र व्यक्ति की समस्या का समाधान करें ताकि उन्हें दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। भ्रष्टाचार व भाई भतीजावाद को खत्म करने के लिए अनेक योजनाओं को ऑनलाइन किया गया है। योजनाओं के क्रियान्वयन में कहीं थोड़ी बहुत कमी रह गई है तो उसे जल्द दूर किया जाएगा। विधायक कल्याण आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव नगला फार्म और मुस्तफाबाद पहुंचने पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। नगला फार्म में उनसे पहले अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच सुधीर कुमार व मुस्ताफाबाद में सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण कुमार



व ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। प्रदेश के विकास पर लघु फिल्म दिखाई गई। लोक संपर्क विभाग के कलाकारों ने विकास गीत प्रस्तुत किये। नगला फार्म में यशपाल ठाकुर और मुस्तफाबाद में विधायक ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। विधायक ने विभिन्न विभागों स्टॉल्स का अवलोकन किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री गरीबों का दर्द समझते हैं। सरकार ने सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाएं लागू की है। प्रधानमंत्री दुनिया के ताकतवर नेताओं में से एक हैं पर उनका परिवार आज भी पहले की तरह सादगी भरा जीवन बिता रहा है यही स्थिति मुख्यमंत्री के परिवार की है। व्यवस्था परिवर्तन के कारण जहां नौकरियां मेरिट पर मिल रही है वहीं पात्र बुजुर्गों की पेंशन घर बैठे बन रही है। 19 लाख नये बी.पी.एल. कार्ड बनाए गए हैं। जब भाजपा सत्ता में आई तब 11 लाख बीपीएल कार्ड थे। अब ऑनलाइन 650 योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है।

महापुरुषों के विचारों पर गंभीरता से अमल : हरविंद्र कल्याण ने कहा कि नरेंद्र मोदी और मनोहर लाल ने महापुरुषों के विचारों पर गंभीरता से अमल करते हुए गरीबों के लिए योजनाओं को पूर्ण रूप दिया है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का यही सपना था। दीनबंधु छोटू राम ने कहा था कि तब तक किसान का शोषण जारी रहेगा, जब तक वह साहूकार के हाथों में फंसा है। राज्य सरकार ने किसानों की भलाई के लिए अनेक योजनाएं अमल में लाई हैं। इससे उन्हें शोषण से मुक्ति मिली है।

**दयालु योजना-** उन्होंने बताया कि यदि गरीब परिवार में मुखिया की मृत्यु हो जाती है तो परिवार को अधिक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से दयालु योजना बनाई गई है, जिसमें एक से 5 लाख तक की सहायता का प्रावधान है।

**मुफ्त शिक्षा -** हरविंद्र कल्याण के अनुसार जिन परिवारों की सालाना आय 1.80 लाख तक है उनकी बेटियों के लिए सरकार ने मुफ्त शिक्षा का प्रावधान किया है जिनकी आय 1.80 से 3 लाख तक है उनकी आधी फीस सरकार वहन करेगी।

**मुफ्त गैस कनेक्शन -** नगला फार्म में उज्ज्वला योजना के तहत नीलम, गीता व मिथिलेश को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग गुरनाम सिंह की पेंशन बनाई गई, 10 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

लेखन व पेंटिंग की विजेता छात्र सम्मानित - मुख्य अतिथि ने पेंटिंग में पूजा, मानसी व वशिका तथा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली संजना, गुरमीत व नेहा को सम्मानित किया।

## योग निरोग रहने का सर्वश्रेष्ठ साधन: दिनेश गुलाटी



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। योग गुरु** दिनेश गुलाटी स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने और उनमें योग के प्रति रुचि पैदा करने के लिए का कार्य पिछले 18 वर्षों से निरंतर कर रहे है। उनके द्वारा चलाए जा रहे मिशन के अंतर्गत उन्होंने अपने साथियों राजीव शर्मा एवम अनुज जैन के साथ तरावड़ी योग कक्षा में पहुंचकर योग साधकों को योग सत्र करवाया। सभी ने उत्साहपूर्वक योगिक क्रियाओं आसन और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस कक्षा के शिक्षक मनोज कामरा ने भी साधकों को योगाभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि समाज को योग के प्रति जागरूक करने की दिशा में उनके प्रयास हमेशा जारी रहेंगे। स्वस्थ और निरोग रहने के लिए जिंदगी में योग का बहुत महत्व है। योग स्वास्थ्य की कुंजी है और निरोग रहने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। उन्होंने कहा कि प्राणायाम के द्वारा हम अपनी श्वासों का विस्तार कर सकते हैं, अपनी सांसो पर नियंत्रण कर सकते हैं और गहरी श्वास के साथ प्राणायाम करने से शरीर के सभी अंदरूनी अंग स्वस्थ होते हैं। शरीर में रक्त का संचार बढ़ता है और शरीर ऊर्जावान बनता है।

कक्षा में योग साधकों ने सूर्य नमस्कार का विधिवत अभ्यास किया।

## विभिन्न मामलों में उद्घोषित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
**जिला पुलिस** की टीम ने दो पीओ अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दोनों को आज न्यायालय में पेश किया गया। जिला पुलिस के सभी थानों और पीओ स्टाफ की टीम द्वारा प्रतिदिन पीओ अथवा बेल जंपर अपराधियों को पकड़ा जा रहा है। आज जिला पुलिस की टीम द्वारा अदालत के आदेशों की उल्लंघना करने वाले दो पीओ आरोपी अमित पुत्र नफे सिंह वासी मंगलपुर और देवराज पुत्र जीतराम वासी टिकरी कैलाश करनाल को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को कोर्ट के आदेशों की उल्लंघना करने पर जेएमआईसी करनाल गुलशन वर्मा की अदालत द्वारा पीओ घोषित किया गया था।

## किसी भी देश का भविष्य आने वाली पीढ़ी करती है तय: रेणु गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। रेलवे** रोड स्थित एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जो कि पहले केवल लडकों को शिक्षा प्रदान करता था। अब को-एजुकेशन बनने के पश्चात लड़कियां भी इस स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। इस विषय को लेकर आज एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्या रेणु गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि हर घर शिक्षा अभियान जिसका उद्देश्य प्राइमरी स्कूलों के ढांचे को मजबूत बनाना है, ताकि देश का हर बच्चा प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर



सके और अपने जीवन का विकास कर सके। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उस देश की आने वाली पीढ़ी के हाथ में होता है और वह पीढ़ी देश को क्या दिशा देगी, यह बात उसको मिलने वाली शिक्षा तय करती है। रेणु गुप्ता ने बताया कि हर घर शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय द्वारा कक्षा पहली से पांचवी तक के छात्रों को फ्री दाखिला और फ्री यूनिफॉर्म दी जाएगी एवं अब इस विद्यालय में लडकों के साथ-साथ लड़कियां भी पढ सकेंगी। केवल 500 रुपये में अब हर अभिभावक अपने पहले से पांचवी तक के बच्चों को इस विद्यालय में पढ़ा सकते हैं। उन्होंने स्कूल की मैनजेमेंट विशेष रूप से स्कूल के प्रधान रविन्द्र सिंह भाटिया का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह सब उनके सहयोग से ही सम्भव हो पाया है।

## प्रवर्तन दल ने भवनों से उतारे एक दर्जन अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड: अदिति

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। नगर** निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के आदेशानुसार शहर के भिन्न-भिन्न स्थानों व मार्गों पर अनाधिकृत रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्डो/होर्डिंग्स को उतारने का नगर निगम का अभियान जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को शहर के मुगल कैनाल, कुंजपुरा रोड व आई.टी.आई. रोड पर विभिन्न शोरूम व भवनों पर लगे करीब एक दर्जन अवैध बोर्डो को उतारा गया। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति ने बताया कि जिन भवनों से अवैध बोर्डो को उतारा गया है, सम्बंधित भवन मालिकों को दोबारा ऐसा न करने के लिए सख्त




चेतावनी दी गई है। पुनः अवैध बोर्ड प्रदर्शित करने पर सम्बंधित व्यक्ति या फर्म पर विज्ञापन बायलॉज के अनुसार तीन गुणा जुर्माना लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शहर में किसी भी व्यक्ति, फर्म, कम्पनी या एजेंसी को अनाधिकृत रूप से निगम क्षेत्र में होर्डिंग, बैनर व फ्लैक्स लगाने की सख्त मनाही है और मनाही के बावजूद विज्ञापन प्रदर्शित करने वालों के खिलाफ प्रवर्तन दल, नगर निगम अधिनियम व विज्ञापन पॉलिसी के तहत जुर्माना लगाने व एफ.आई.आर. करवाने की कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से लगाए गए विज्ञापन बोर्ड वाहन चालकों का ध्यान भटकाने के साथ-साथ शहर की सुंदरता को भी खराब करते हैं। विज्ञापन के लिए 13 साईट अधिकृत- उन्होंने बताया कि विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए शहर में 13 साईट अधिकृत की गई हैं। अगर कोई व्यक्ति, फर्म या एजेंसी विज्ञापन लगाना चाहता है, तो वह इन्हीं 13 साईटों पर प्रदर्शित कर सकती है। इसके लिए नगर निगम द्वारा एक एजेंसी को टैण्डर अलॉट किया गया है। इसकी जानकारी के लिए नगर निगम की भवन शाखा से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अगर कोई एजेंसी विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए साईट लेना चाहती है, तो वह ह्वद्यह्लद्य.ह्वद्यह्वद्दद्यह्वद्ध२४७.द्दश्ह पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर बोली में भाग ले सकती है।

संयुक्त आयुक्त ने शहर के व्यवसायीयों से अपील की है कि सार्वजनिक जगहों पर अनाधिकृत विज्ञापन बोर्ड ना लगाएं, ऐसा करना सरकारी नियमो का उल्लंघन है। इससे सार्वजनिक सम्पत्ति कुरूप होने के साथ-साथ शहर की सुंदरता भी खराब होती है।

## सीजेएम ने किया उपमण्डल विधिक सेवा समिति इन्द्री का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। मुख्य न्यायिक** मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम-1987, नियमों और विनियमों के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार उप-उपमण्डल कानूनी सेवा समिति इंद्री की जाँच करने के लिए इन्द्री का दौरा किया। उन्होंने उपमण्डल विधिक सेवा समिति इन्द्री द्वारा चलाए जा रहे मध्यस्थता केंद्र और फ्रंट ऑफिस का निरीक्षण किया और उनको होने वाली लीगल लिटरेसी कैंप लगाते हुए किसी भी तरह की परेशानी के बारे में पूछा। वह कानूनी सेवा संस्थानों द्वारा प्रदान किए जा रहे कानूनी सेवा कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए उन्हें संवेदनशील बनाया। सुश्री जसबीर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मिशन प्रगतिशील कानून के माध्यम से वादियों और पक्षों की सुरक्षा और सुरक्षा को मजबूत करना, जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना और एक निष्पक्ष और कुशल शिकायत निवारण तंत्र तक पहुंच प्रदान करना है। यह वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों में से एक है, यह एक ऐसा मंच है जहां अदालतों/आयोगों में लंबित विवादों/मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा/समझौता किया जाता है।

## रिफाइनरी टाउनशिप रोड़ पर धड़ल्ले से काटी जा रही हैं अवैध कालोनियां

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला** प्रशासन की सख्ती के बावजूद भी आसपास के ग्रामीण एरिया में बड़ी मात्रा में अवैध कालोनीयों के कटने का धंधा फल- फूल रहा है। हालांकि प्रशासन कॉलोनी व कॉलोनाइजरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात अवश्य करता है लेकिन उसके बावजूद भी ग्रामीण इलाकों मे इस प्रकार से अवैध कालोनी काटे जाने का धंधा बदस्तूर जारी है।

नजदीकी गांव खोरा खेड़ी व ददलाना के बीच टाउनशिप रोड पर कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा धड़ल्ले से अवैध कालोनीयाँ काटी जा रही हैं। बताया जा रहा है कि जिला प्रशासन ने पिछले दिनों इसके आसपास कटने वाली कुछ कॉलोनीयों पर कार्रवाई अवश्य की थी लेकिन कुछ कॉलोनी को कार्रवाई किए बिना ही छोड़ दिया गया।

## जसबीर कौर ने किया एमडीडी बाल भवन का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। सीजेएम** सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एमडीडी बाल भवन फूसगढ़ रोड करनाल में रहने वाले बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और आवास की देखभाल के लिए दौरा किया। संरक्षक और संस्थापक पीआर नाथ और सुश्री सुषमा नाथ एवं सुरेंद्र मान भी वहां मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि समाज के निराश्रित बच्चे जिन्होंने अपने



माता-पिता को खो दिया है या वे बच्चे जिनके माता-पिता उनका भरण पोषण करने में सक्षम नहीं हैं, एमडीडी ऑफ इंडिया चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन पूरी लगन के साथ उनकी देखभाल कर रहा है। एमडीडी चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में वर्तमान में 87 लड़कियां रह रही हैं। सभी लड़कियां विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ रही हैं। एमडीडी चाइल्ड केयर संस्था की ओर से उन्हें सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं एमडीडी बाल भवन अनाथालय एक प्यारा शांतिपूर्ण घर से दूर घर है, जिसका एकमात्र उद्देश्य उन वंचित अनाथों के जीवन से प्यार करना और उनकी देखभाल करना है, जिनके पास दावा करने के लिए कुछ भी नहीं है और खुद से पूछने के लिए कोई नहीं है।

सीजेएम द्वारा बच्चों का व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से साक्षात्कार किया गया और उन्होंने बताया कि उन्हें दी जा रही सुविधाओं से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं।

# भारत विकसित राष्ट्र बनने के रास्ते पर अग्रसर: राणा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी का स्वप्न है विश्वभर में भारत की शान बढ़ाना। आज उनके नेतृत्व में भारत का नाम पूरी दुनिया में ऊंचा हो रहा है। पूरा विश्व उनके नेतृत्व में भारत के साथ चलने को आतुर है। ये शब्द भाजपा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने असंध विधानसभा क्षेत्र के गांव जबाला में विकसित भारत यात्रा में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहे। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र केवल राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चलकर ही संभव है। योगेन्द्र राणा ने यात्रा में शामिल जन समूह को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत तभी विकसित देश बनेगा



जब हम सब अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी, निष्ठा लग्न तथा मेहनत पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की गारंटी है देश को 2047 तक विकसित देश बनाना। जब मोदी देश की अर्थ व्यवस्था को 11वीं अर्थव्यवस्था से पांचवी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना सकते है तो निसंदेह देश को विकसित राष्ट्र बना सकते है। ये प्रधानमंत्री की भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी है। मोदी के नेतृत्व में देश विकसित देश बनने के रास्ते पर अग्रसर हो चुका है। योगेन्द्र राणा ने कहा कि एक ओर नरेंद्र मोदी भारत को विकसित देश बनाने में लगे हैं, वहीं अंतोदय के सिद्धांत का भी पालन कर रहे है। प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना, जनधन योजना, इन्द्र धनुष टीकाकरण योजना, उज्जवला योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना, कैंसर तथा हृदय का इलाज सस्ता करना तथा जन औषधि केंद्र खोलना, हर घर नल से जल, हर घर शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, नीम कोटिंग यूरिया, नेनो यूरिया, सॉयल हेल्थ कार्ड, मोटे अनाज को प्रोत्साहित करना, ये सब योजना अंतोदय की पुष्टि करती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे पूर्व विधायक स. बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि मनोहर लाल सरकार ने ये फैसला किया है कि किसी भी बेटी को 20 किलोमीटर से अधिक दूरी पर कालेज में ना जाना पड़े, 20 किलोमीटर के दायरे में महिला कालेज खोलना, प्राइवेट कालेज में भी बेटियों की पढ़ाई फ्री करना, किसान को बागवानी, तिलहन तथा दलहन की खेती के लिया प्रोत्साहित करना, भवांतर योजना, सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीदना, खेतों के रास्ते पक्के करना, हर जिले में मेडिकल कालेज खोलने की योजना, चिरायु योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन देश में सबसे अधिक तीन हजार करना, राज्य को तरक्की के रास्ते पर बढ़ा रहे है।

## विद्यार्थियों से राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। भारतीय** संसद पर हमले में शहीद हुए जवानों व नागरिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आज नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स द्वारा आयोजित देश की बात कार्यक्रम में दो मिंट का मौन रखा गया व विद्यार्थियों को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने व उन पर खरा उतरने का आवाहन किया गया। निसिंग स्थित ब्रह्मानंद पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों से राष्ट्र के प्रति अपनी



जिम्मेदारियों को समझने व उनका निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि यह देश हमारा है और इस देश को हमारे बड़े बुजुर्गों ने कुर्बानियाँ देकर आजाद करवाया है। इसकी प्रगति में भी हम सब का योगदान है और इसकी एकता, अखंडता व आजादी को बचाये रखने के लिए भी हमारे ही परिवारों के बच्चे सरहदों पर कुर्बानियाँ दे रहे हैं। ऐसे में अगर किसी विषय को लेकर व्यवस्था से नाराजगी हो तो वो नाराजगी देश से नाराजगी में नहीं बदलनी चाहिए।

## संपादकीय

# अब जम्मू कश्मीर में विकास का नया सूर्योदय

**भारत** की संप्रभुता और जम्मू कश्मीर प्रान्त के लिए 11 दिसंबर 2023 एक ऐतिहासिक दिन बनकर आया। इस दिन उच्चतम न्यायालय की पांच जजों की संविधान पीठ ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाने के निर्णय को वैध ठहराते हुए कहा कि यह एक अस्थाई धारा थी जिसे आज नहीं तो कल हटना ही था। मुख्य न्यायाधीश वाई वी चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था थी। अदालत ने कहा कि भारत का संविधान जम्मू कश्मीर के संविधान से ऊंचा है और अनुच्छेद- 370 को बेअसर करने से जम्मू कश्मीर को भारत के साथ जोड़ने की प्रक्रिया मजबूत हुई है। न्यायाधीश चंद्रचूड़ जी ने कहा कि धारा 370 को हटाना संवैधानिक रूप से वैध है और केंद्र सरकार का निर्णय बिल्कुल सही है। उच्चतम न्यायालय ने अपने निर्णय में कई महत्वपूर्ण व ऐतिहासक टिप्पणियां की हैं जिनमे कहा गया है कि विलय पत्र पर हस्ताक्षर होने के बाद जम्मू कश्मीर के पास संप्रभुता का कोई तत्व नहीं है। जम्मू कश्मीर के लिए कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है। राष्ट्रपति की शक्ति का प्रयोग राष्ट्रपति के शासन के उद्देश्य के साथ उचित संबंध होना चाहिए। न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि जब संविधान सभा भंग कर दी गई तो सभा की केवल अस्थायी शक्ति समाप्त हो गई और राष्ट्रपति के आदेश पर कोई प्रतिबंध नहीं रहा। राष्ट्रपति द्वारा सत्ता का उपयोग दुर्भावनापूर्ण नहीं था और राज्य के साथ किसी सहमति की आवश्यकता नहीं थी। राष्ट्रपति द्वारा सत्ता का निरंतर प्रयोग दशार्ता है कि एकीकरण की प्रक्रिया जारी थी और इस प्रकार से सीओ 273 अवैध है। जम्मू कश्मीर का संविधान क्रियाशील है और इसे निरर्थक घोषित कर दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा और हम लद्दाख को अलग करने के फैसले को बरकरार रखते हैं। उच्चतम न्यायालय ने अंत में कहा कि हम चुनाव आयोग को निर्देश करते हैं कि पुनर्गठन अधिनियम और राज्य के दर्ज 14 की धारा के अंतर्गत 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराये जायें। न्यायालय ने एक यह व्यवस्था भी दी है कि राज्य में 1980 के बाद हुई सभी प्रकार की आतंकवादी /पलायन की घटनाओं की जांच के लिए एक कमेटी बनायी जाये जो एक अत्यंत महत्वपूर्ण बात और कश्मीरी पंडितों के लिए न्याय प्राप्ति का मार्ग खोलती है। इस व्यवस्था के आने के बाद 1980 के बाद घाटी में कश्मीरी पंडितों के साथ जो वारदातें हुई हैं उनकी जांच अब की जा सकेगी । उच्चतम न्यायालय की इस बेंच की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश वाई वी चंद्रचूड़ कर रहे थे तथा बेंच में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल थे। जस्टिस कौल की ऐतिहासिक टिप्पणी - जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 पर अपने फैसले में जस्टिस संजय किशन कौल ने कश्मीरी पंडितों के पलायन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हाने 1980 से राज्य में हुए मानवाधिकारों के उल्लंघन की जांच के लिए एक सत्य और सुलह आयोग बनाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यह आयोग आपराधिक जांच आयोग की तरह काम नहीं करेगा। जस्टिस कौल का मानना है कि आतंक के चलते राज्य की महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने बहुत कुछ झेला है।इसे भुलाकर आगे बढ़ने के लिए जख्मों को ठीक करने की जरूरत है।

# लिव इन रिलेशन: कानून बनने के बाद भी विरोध जारी



निर्मल रानी

> "लिव-इन रिलेशनशिप कानून के पक्षधर इसे मूलभूत मानवीय अधिकारों और लोगों के व्यक्तिगत जीवन के विषय के रूप में देखते हैं तो वहीँ दूसरी तरफ एक बड़ा वर्ग इस व्यवस्था को भारतीय सामाजिक और नैतिक मूल्यों के विरुद्ध मानता हैं। यह वर्ग इसे गैर पारंपरिक,अनैतिक यहां तक कि अधार्मिक भी मानता है। जबकि अदालत अपने निर्णय में स्पष्ट कर चुकी है कि "लिव-इन रिलेशनशिप को पर्सनल ऑटोनॉमी यानी व्यक्तिगत स्वायत्ता के चश्मे से देखने की जरूरत है, ना कि सामाजिक नैतिकता की धारणाओं से। " फिर भी 1978 में कानूनी मंजूरी मिलने के बावजूद अर्थात 45 वर्षों बाद भी इस कानून के विरुद्ध अभी भी देश के किसी न किसी भाग से स्वर उठते ही रहते हैं। परन्तु लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को अदालतें यही कहकर संरक्षण देती रही हैं कि ये विषय "संविधान के आर्टिकल 21 के तहत दिए राइट टू लाइफ" की श्रेणी में आता है"

**लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात** 'स्वैच्छिक सहवास' को हमारे देश में कानूनी मान्यता हासिल हो चुकी है। भारत में लिव-इन रिलेशनशिप को 1978 में कानूनी मंजूरी मिली थी। उस समय बद्री प्रसाद बनाम डायरेक्टर ऑफ कंसॉलिडेशन नामक एक मुकद्दमे में सर्वोच्च न्यायलय ने पहली बार लिव-इन रिलेशनशिप को वैध ठहराया था। इसके बाद 2010 में महिलाओं की सुरक्षा पर चर्चा करते हुए लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को कानूनी मान्यता दी गई थी। परन्तु कानूनी मान्यता मिलने के बावजूद लिव-इन रिलेशनशिप में बनने वाले शारीरिक रिश्ते अर्थात बिना शादी किए एक ही घर में एक साथ रहने पर सामाजिक दृष्टिकोण से बार-बार सवाल उठते रहे हैं। लिव-इन रिलेशनशिप कानून के पक्षधर इसे मूलभूत मानवीय अधिकारों और लोगों के व्यक्तिगत जीवन के विषय के रूप में देखते हैं तो वहीँ दूसरी तरफ एक बड़ा वर्ग इस व्यवस्था को भारतीय सामाजिक और नैतिक मूल्यों के विरुद्ध मानता हैं। यह वर्ग इसे गैर पारंपरिक,अनैतिक यहां तक कि अधार्मिक भी मानता है। जबकि अदालत अपने निर्णय में स्पष्ट कर चुकी है कि "लिव-इन रिलेशनशिप को पर्सनल ऑटोनॉमी यानी व्यक्तिगत स्वायत्ता के चश्मे से देखने की जरूरत है, ना कि सामाजिक नैतिकता की धारणाओं से। " फिर भी 1978 में कानूनी मंजूरी मिलने के बावजूद अर्थात 45 वर्षों बाद भी इस कानून के विरुद्ध अभी भी देश के किसी न किसी भाग से स्वर उठते ही रहते हैं। परन्तु लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले जोड़ों को अदालतें यही कहकर संरक्षण देती रही हैं कि ये विषय "संविधान के आर्टिकल 21 के तहत दिए राइट टू लाइफ" की श्रेणी में आता है। सर्वोच्च न्यायालय तो यहाँ तक कह चुकी है कि "शादीशुदा होने के बावजूद लिव-इन रिलेशनशिप में रहना भी कोई गुनाह नहीं है। और इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ता कि शादीशुदा व्यक्ति ने तलाक की कार्रवाई शुरू की है या नहीं।"
निश्चित रूप से अदालत का यह फैसला उन मानवाधिकारों की तजुर्मानी करता है जिसके तहत किसी भी व्यस्क व्यक्ति को अपने जीवन व भविष्य के बारे में निर्णय लेने का अधिकार हासिल है। जाहिर है जब किसी व्यस्क को अपनी मर्जी का कपड़ा पहनने,खाने-पीने,अपने शैक्षिक विषय चुनने,अपना कैरियर चुनकर भविष्य निर्धारित करने जैसे सभी अधिकार हासिल हैं फिर उसे अपना जीवन साथी चुनने जैसा महत्वपूर्ण निर्णय लेने का भी हक होना चाहिये। क्योंकि यह निर्णय जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2006 के ऐसे ही एक मामले में फैसला देते हुए कहा था कि, "वयस्क होने के बाद व्यक्ति किसी के साथ रहने या शादी करने के लिए आजाद है।" परन्तु इसी दौरान लिव-इन रिलेशनशिप में ही रहने वालों से सम्बंधित कई खबरें ऐसी भी आ चुकीं हैं जो घोर अपराधपूर्ण तथा रिश्तों में विश्वासघात या धोखा साबित हुईं। कहने को तो यह नकारात्मक स्थितियां उस वैवाहिक रिश्तों के बाद भी सामने आती हैं जिन्हें पारंपरिक विवाह या 'अरेंज मैरिज ' कहा जाता है। परन्तु यह भी सच है कि सामाजिक व धार्मिक परम्परानुसार होने वाली शादियों में आने वाले किसी भी उतार चढ़ाव के समय परिवार व समाज बच्चों के साथ खड़ा होता दिखाई देता है। किसी भी पारिवारिक संकट के समय बच्चों के परिजन उनके साथ होते हैं। परन्तु लिव इन रिलेशन शिप में ऐसा नहीं हो पाता। क्योंकि चूँकि लिव-इन रिलेशनशिप अर्थात 'स्वैच्छिक सहवास' को हमारे देश की परम्पराओं व मान्यताओं के अनुसार अनैतिक माना गया है इसलिये प्रायः लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के इच्छुक लड़के या लड़की दोनों ही के परिजन इस रिश्ते में रहने के लिये शुरू से ही राजी नहीं होते। और यदि राजी होते भी हैं तो बच्चों के दबाव में आकर ही अपने अभिभावकों को इस रिश्ते में रहने के लिये किसी तरह अनमने तरीके से राजी कर लेते हैं। जबकि अदालत 'प्री-मैरिटल सेक्स' और 'लिव-इन रिलेशनशिप' के संदर्भ अपने एक फैसले में यहां तक कह चुकी है कि -"इसमें कोई शक नहीं कि भारत के सामाजिक ढांचे में शादी अहम है, लेकिन कुछ लोग इससे इत्तेफाक नहीं रखते और प्री-मैरिटल सेक्स को सही मानते हैं। आपराधिक कानून का मकसद यह नहीं है कि लोगों को उनके अलोकप्रिय विचार व्यक्त करने पर सजा दें। "

लिव-इन-रिलेशनशिप के खिलाफ सबसे अधिक धार्मिक व सामाजिक संगठन तथा खाप पंचायतें मुखरित रही हैं। गत वर्ष चरखी दादरी में आयोजित फोगाट खाप की सर्वजातीय महापंचायत में हिंदू मैरिज एक्ट में बदलाव करने और लिव इन रिलेशनशिप पर रोक लगाने के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिया गया था और सरकार से इन मामलों में संज्ञान लेने की मांग की गयी थी। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया था कि खाप द्वारा सामाजिक ताना-बाना बनाए रखने व समाज में एकजुटता लाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।इस पंचायत में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन जागरूकता अभियान शुरू करने को लेकर भी कई अहम फैसले लिए गए थे । पंचायत में प्रतिनिधियों ने लिव इन रिलेशनशिप से सामाजिक ताना-बाना बचाने व लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों पर प्रतिबंध लगवाने की मांग की गयी थी । इसी तरह पिछले दिनों एक बार फिर जींद जिले की 23 खाप पंचायतें जाट स्कूल में इकठ्ठा हुई। यहाँ इन 23 खापों की महापंचायत में भी यही निर्णय लिया गया कि लिव इन रिलेशनशिप पर बना कानून सही नहीं है। इसको लेकर खापें बहुत नाराज हैं। इन खापों ने लिव इन रिलेशनशिप कानून को संसद के शीतकालीन सत्र में रद्द करने की मांग भी की है।

अदालत ने जिसतरह सामान्य शादी शुदा जोड़ों को उनके कर्तव्यों व अधिकारों के मद्देनजर कानूनों के माध्यम से संरक्षण प्रदान किया है ठीक उसी तरह लिव इन रिलेशन में रहने वाले जोड़ों को तथा उनके बच्चों के अधिकारों को भी अपनी विस्तृत व्यवस्था देकर संरक्षित किया है। किसी व्यस्क के मानवाधिकार व निजी जिंदिगी के नाम पर मिले इस अदालती संरक्षण के बावजूद हमारा भारतीय पारम्परिक समाज चाहे वे खाप पंचायतें हों,साधू संत,धर्म गुरु या मौलवी -काजी किसी भी धर्म के परम्परावादी लोग लिव-इन-रिलेशनशिप की इस व्यवस्था को पचा नहीं पा रहे हैं। यही वजह है कि लिव इन रिलेशन व्यवस्था के पक्ष में अदालती कानून बनने के बाद भी इसका विरोध अभी भी जारी है।



## कविता

टेढ़ी-मेढ़ी पगडंडियों के बीच,
नन्हें-नन्हें पैरों के निशान,
तोतली बोली में झूमती हवाएं,
लहरा लहरा कर उड़ता दुपट्टा,
अनाज की बालियां,
खेतों की हरियाली,
कल केल कर बहता पानी,
पहली बरसात की
काली मिट्टी की सोंधी खुशबू,
गोधूलि की फैली संध्या,
बैलों का मुंडी हिला हिला कर चलना,
छोटी सकरी सड़क पर,
बकरी और गाय हांकने की आवाज,
दूर दिखाई देता,
घास फूस का मचान,
और उस पर बैठा प्रसन्न मंगलू,
सब कुछ धुंधला दिखता,
फ्लैशबैक की तरह मलीन,
घिसटता मिट्टता सहमता दिखाई देता,
कसैला धूंआ
गोधूलि की बेला को धूमिल करता,
निश्चल पानी कसैला हो उठा,
नन्हें पैर भयानक बन गए,
काली सौंधी मिट्टी पथरीली हो चली,
छोटी पगडंडी हाईवे में बदल गई

संजीव ठाकुर

## मानवजाति के साथ एलियंस की लुकाछुपी कब बंद होगी

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

नवंबर महीने के तीसरे सप्ताह में मणिपुर के आकाश में यूएफओ (अन आईडेंटीफाइड फ्लाइंग ओब्जैक) यानी कि एक अज्ञात वस्तु उड़ती दिखाई दी तो भारी उहापोह मच गई थी। दहशत की वजह से इम्फाल एयरपोर्ट को कुछ देर के लिए बंद करना पड़ा। इतना ही नहीं, ताबड़तोड़ इस उड़ती उड़नतश्तरी के बारे में पता लगाने के लिए दो रफाल विमान रवाना किए गए। हाशीमीरा एयरफोर्स बेज से उड़े रफाल विमान के रडार सिस्टम इस तरह उड़ने वाले किसी अंजान पदार्थ को खोज नहीं पाए। फिर भी सुरक्षा की वजह से वायुसेना ने एयरडिफैंस रिस्पॉन्स सिस्टम को ऐक्टिव कर दिया।
जब भी यूएफओ (अज्ञात उड़ने वाली वस्तु) दिखाई देती है तो एलियंस के बारे में चर्चा एक फिर शुरू हो जाती है। पर पहली बार ऐसा हुआ था कि मैक्सिको की संसद में एलियंस के अवशेष प्रदर्शित किए गए थे। उड़न तश्तरी के विशेषज्ञ और जानेमाने पत्रकार जेम मौसन दावा करते हैं कि एक हजार साल पुरानी ममी किए गए अवशेष अन्य ग्रह के जीव यानी कि एलियंस के हैं और पेरू के एक गड्ढे से मिले हैं। इन मृतदेहों को नजदीक से देखने पर पता चलता है कि यह मानव अवशेष नहीं हैं। उदाहरण के रूप में मनुष्य के हर हाथ और पैरों में पांच-पांच अंगुलियां होती हैं। जबकि इस अवशेष में मात्र तीन अंगुलियां हैं। इन अंगुलियों का कद भी मनुष्य की अंगुलियों की अपेक्षा लगभग दोगुना है। उनकी पसलियों का ढांचा भी मनुष्य से अलग है।
एलियंस की हड्डियां भी मनुष्य की हड्डियों की अपेक्षा हल्की होती हैं, पर मजबूत होती हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि मैक्सिको के जिस इलाके में ये मृतदेह मिली है, उस इलाके में बड़े--बड़े भू-चित्र हैं। यह मामला ऐसा सवाल खड़ा करता है कि क्या एलियंस का इस इलाके से किसी तरह का संपर्क है।
अपने घर का दरवाजा खुला हो और कोई अतिथि घर में पधारे तो क्या हमें पता नहीं चलेगा? बल्गेरिया के वैज्ञानिकों ने परग्रहवासियों के पृथ्वी आगमन के बारे में की जाने वाली बातों पर इस तरह का सवाल खड़ा करते हैं। बल्गेरिया की एकेडमी आफ साइंस की स्पेस रिसर्च इंस्टीट्यूट के डिप्टी डायरेक्टर लेजेर फीलीपोव का कहना है कि 'एलियन अभी भी हमारे आसपास ही उपस्थित हैं और वे हमेशा हमारा निरीक्षण करते रहते हैं। फीलीपोव ने यह भी बताया है कि 'एलियन हमारे दुश्मन नहीं हैं। हकीकत में वे हमारी मदद करना चाहते हैं, पर ऊनसे संपर्क करने के लिए हम अभी उतना विकसित नहीं हुए हैं'।
क्या एलियंस के पृथ्वी पर आने का कोई सबूत है? कोई निश्चित साक्ष्य तो नहीं है, पर इटली में स्थित आल्पस पर्वत श्रंखला के नजदीक वाल्कमोनिक से मिले प्राचीन चित्र दस हजार साल पुराने माने जाते हैं। इतना ही नहीं, इस बफीर्ले इलाके में खोद कर बनाए गए दो लाख से अधिक रेखाचित्र सांकेतिक हैं। इसमें कूछ रेखाचित्र अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष वीरों के लगते हैं।

## विचार

# सुबह बनाम रात: अध्ययन का सबसे अच्छा समय कौन सा है?

**विजय गर्ग**

**पढ़ाई** हर विद्यार्थी के जीवन का अभिन्न अंग है। उनके चरित्र और वातावरण के आधार पर सर्वोत्तम अध्ययन आदतें स्थापित करने के लिए अभ्यास और धैर्य की आवश्यकता होती है। कुछ छात्रों के लिए, सुबह का समय पढ़ाई के लिए सबसे अच्छा होता है, जबकि अन्य के लिए रात के समय पढ़ाई करने से सबसे अच्छे परिणाम मिलते हैं। विज्ञान के अनुसार, पढ़ाई के लिए सबसे अच्छा समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच, शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक है। यह वह समय है जब मानव मस्तिष्क अधिग्रहण मोड में है। विज्ञान भी बताता है कि पढ़ाई के लिए सबसे अप्रभावी समय सुबह 4 बजे से 7 बजे के बीच है। हालाँकि पढ़ाई के लिए कोई सही समय नहीं हो सकता है, आइए सुबह और रात दोनों समय पढ़ाई के लाभों का विश्लेषण करें। सुबह पढ़ाई के फायदे जो छात्र सुबह अधिक ऊजार्वान होते हैं वे यदि सुबह अध्ययन करते हैं तो वे अधिक उत्पादक हो सकते हैं। ज्यादातर लोगों का मानना ??है कि पढ़ाई के लिए सुबह का समय सबसे अच्छा होता है क्योंकि दिमाग सबसे तेज होता है। यह सच है क्योंकि सुबह के समय उपलब्ध प्राकृतिक रोशनी आंखों के लिए अच्छी होती है और छात्रों को सतर्क रखने में मदद करती है। किसी नए सिद्धांत को सीखने या पिछले कक्षा सत्र के नोट्स की समीक्षा करने के लिए सुबह की पढ़ाई अविश्वसनीय रूप से सर्वोत्तम है। इस समय पढ़ाई करना भी अच्छा होता है क्योंकि इससे विद्यार्थी की नींद में बाधा नहीं आती है। रात की तुलना में सुबह की पढ़ाई के दौरान अध्ययन समूह बनाना भी आसान होता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह अध्ययन करने का एक उत्कृष्ट समय है क्योंकि यह छात्रों को याद करने की बेहतर क्षमता प्रदान करता है। रात में पढ़ाई करने के फायदे रात्रि अध्ययन एक शांत और अधिक शांतिपूर्ण वातावरण से जुड़ा हुआ है। रात में विकर्षण कम होते हैं क्योंकि परिवार के अधिकांश सदस्य सो रहे होते हैं और टीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपयोग में नहीं होते हैं। कम व्याकुलता रचनात्मकता और बेहतर एकाग्रता को बढ़ावा देती है। अध्ययन सत्र के बाद सोने से याददाश्त में भी सुधार हो सकता है और जानकारी को समेकित किया जा सकता है। ध्यान दें: आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपका बच्चा रात में पढ़ाई के बावजूद लगभग 8 से 9 घंटे की नींद ले। आप पढ़ाई के लिए सबसे अच्छा समय कैसे निर्धारित करते हैं? अब जबकि हमने सुबह और रात दोनों समय पढ़ाई से जुड़े कई फायदे देखे हैं: सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है: आपके बच्चे के लिए पढ़ाई का कौन सा समय सबसे अच्छा है? जब प्रभावी अध्ययन की बात आती है तो अलग-अलग छात्रों के पास अलग-अलग समय होता है। इसलिए, आपको उस दिन का समय चुनना चाहिए जब आपका बच्चा पढ़ाई करता है; यह निम्नलिखित कारकों के आधार पर रात या दिन हो सकता है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, आपका बच्चा सबसे अधिक सतर्क कब होता है? याद रखें कि अलग-अलग बच्चों की याददाश्त और सतर्कता अलग-अलग होती है, गुण जो अलग-अलग लोगों के लिए अन्य समय में बेहतर हो जाते हैं; उदाहरण के लिए, आपके बच्चे की दृश्य स्मृति सुबह में बहुत अच्छी हो सकती है लेकिन रात में उसकी आलोचनात्मक सोच क्षमता बेहतर हो सकती है। दूसरे, इस बात पर विचार करें कि आपके बच्चे के अध्ययन सत्र में टीवी, पारिवारिक बातचीत और रात के खाने के समय जैसे ध्यान भटकने की संभावना कम होती है, जो उनकी एकाग्रता को बाधित कर सकता है। ऐसे मामलों में, सूची विकर्षण के साथ एक समय चुनें। अंत में, ऐसे समय पर विचार करें जिसका पालन करना आसान हो क्योंकि निरंतरता से अध्ययन की दिनचर्या में सुधार होता है और अंततः बेहतर परिणाम मिलते हैं। सुबह की पढ़ाई के लिए अध्ययन युक्तियाँ। कृपया अपने बच्चे को उसके शरीर को हाइड्रेट करने के लिए जागने के बाद सबसे पहले पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करें। बिस्तर से पढ़ाई करने से बचें: बिस्तर से उठकर डेस्क से पढ़ाई करने से उनके दोबारा सोने की संभावना कम हो जाएगी। कृपया उन्हें सोने से बचने के लिए लिविंग रूम जैसे दूसरे कमरे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करें।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भारत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अहम रोल होगा

**गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर सर्वविदित है कि मानवीय सुख सुविधाओं को प्राप्त करने में जहां एक और सुख सुविधाओं का अंबार होता है तो वहीं दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के नतीजो जैसा भयंकर तबाही का आलम भी होता है जो हम सदियों से देखते आ रहे हैं। परंतु मानव जाति है कि सिर्फ अपने वर्तमान सुख सुविधाओं में ही रमी रहती है, भविष्य में आने वाली हमारी पीढ़ियों के बारे में ध्यान नहीं देते हैं, अब समय आ गया है कि हमें अपनी इस सोच को रेखांकित करना होगा क्योंकि आज तकनीकी और प्रौद्योगिकी चार कदम आगे बढ़करआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ओर दुनियां बढ़ गई है, जिसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं तो तबाही की भी काफी संभावनाएं आ सकती है जो हमें वर्तमान डीपफेक के रूप में नजर आ रही है, इसके अलावा साइबर सिक्योरिटी, डाटा थेफ्ट और सबसे बड़ी बात यह है कि आतंकवादियों के हाथ में एआई टूल्स आ जाने से बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न हो जाएगा जिसका विश्व के सभी देशों को मंथन करना जरूरी हो गया है। इसलिए ही एआई पर वैश्विक साझेदारी करना,तकनीक काआदान-प्रदान, विचार विमर्श करना जरूरी हो गया है, इसलिए ही 29 देशों का एआई पर वैश्विक साझेदारी शिखर सम्मेलन 12-14 दिसंबर 2023 को भारत में शुरू हो गया है, जिसका उद्घाटन माननीय पीएम ने 12 दिसंबर 2023 को किया जिसका उद्देश्य एआई के निरंतर विकसित हो रहे क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिल सके क्योंकि एआई विकास और तबाही दोनों का टूल बन सकता है, इसलिए आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अहम रोल होगा।

## रोबोटिक इंजीनियरिंग है उभरता करिअर विकल्प

**विजय गर्ग**

**मैकेनिकल** इंजीनियरिंग की उप- शाखा के रूप में रोबोटिक्स इंजीनियरिंग को शुरूआती पहचान मिली लेकिन अब इंजीनियरिंग की दुनिया में इस विधा का अलग मुकाम है। इसके जरिए स्वचालित मशीनों के विकास पर काम किया जाता है, जो इंसानों जैसी कार्यक्षमता के साथ उनके काम कर सके। ऐसी मशीनों के निर्माण का ध्येय जोखिमभरे कामों से इंसानों को बचाना है। नौकरी और मुनाफे के लिहाज से भी इस कोर्स की काफी अहमियत है। ऐसे में हम आपको बताएंगे कि आखिर इस कोर्स को करने के लिए आपके पास क्या योग्यता होनी चाहिए और आप इसमें कैसे करिअर बना सकते हैं। अगर आप इस क्षेत्र में करिअर बनाना चाहते हैं तो रोबोट के प्रकारों की जानकारी होनी चाहिए। औद्योगिक रोबोट, घरेलू उपयोग रोबोट, मेडिकल रोबोट, सेना रोबोट, मनोरंजन रोबोट, अंतरीक्ष रोबोट आदि रोबोट के प्रमुख प्रकार हैं। आप इनमें से कोई भी क्षेत्र चुन सकते हैं। रोबोटिक्स के क्षेत्र में अगर आप अपना करिअर बनाना चाहते हैं तो विज्ञान वर्ग से 12वीं करना होगा। इसके बाद आप मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, बीई या कंप्यूटर साइंस जैसे पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। वहीं, स्तानक की डिग्री पूरी करने के बाद आप परास्तानक डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इस क्षेत्र में अच्छा करिअर बनाने के लिए आपको इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस में जुड़ी अच्छी जानकारी होनी चाहिए। इस क्षेत्र से जुड़े कुछ शार्ट टर्म कोर्स जैसे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, एडवांस रोबोटिक्स सिस्टम भी करके अपना करिअर बना सकते हैं।

नौकरी कहां मिलेगी

12वीं के बाद जैसे ही आप अपना ये कोर्स किसी अच्छे कालेज से पूरा करेंगे आपको इसरो, नासा, डीआरडीओ और हिंदुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड सरीखे सरकारी संगठनों में काम करने के अलावा रोबोटिक्स क्षेत्र में निर्माण और शोध गतिविधियों में लगी निजी कंपनियों में भी नौकरी मिल सकती है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, कृका रोबोटिक्स, हाई-टेक रोबोटिक सिस्टम्स लिमिटेड और पेरी लिमिटेड सहित देश में कई निजी रोबोटिक्स कंपनियां हैं, जो हर साल रोबोटिक्स पेशेवरों को नियुक्त करती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### गली में खड़ी ट्राली से 2 एकड़ धान चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर ।** गन्नौर के गांव सादल खुर्द गांव स्थित गली में खडी ट्राली से चोर धान चोरी कर ले गए। किसान ने चोरी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में किसान अमन ने बताया की 10 दिसम्बर की रात को उसने ट्राली में 2 एकड़ के धान भरकर नरेन्द्र के मकान के पास गली में खड़ी की थी । उसने बताया कि जब 11 दिसंबर को सुबह चेक किया तो ट्राली से धान गायब थे। उसने अपने स्तर पर पता किया, लेकिन कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने चोरो के खिलाफ मामला दर्ज की उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### मोटरसाइकिल सवार दम्पती को इको गाड़ी ने मारी टक्कर, महिला घायल

**गन्नौर।** जीटी रोड पर बाइक सवार दम्पति की बाइक को इको कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार महिला सड़क पर गिर कर घायल हो गई,जिसको इलाज के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। खिजरपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वो 8 दिसम्बर को अपनी पत्नी सरिता को लेकर सोनीपत जा रहा था। उन्होंने बताया कि जब वो गांव लडसौली के नजदीक पहुंचा तो पीछे से एक तेज रफ्तार इको चालक ने हमारी बाईक को टक्कर मार दी जिसमे मेरी पत्नी सरिता बुरी तरह घायल हो गई । उन्होंने बताया कि सोनीपत के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि टक्कर लगने के बाद इको चालक वहां सर भाग गया,उन्होंने अपने स्तर पर इको गाड़ी का नम्बर पता कर पुलिस को शिकायत दी है। बड़ी थाना पुलिस ने भूपेन्द्र की शिकायत पर इको चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने ली सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की बैठक



**सोनीपत। सर्दी के** मौसम को देखते हुए सडकों पर सफेद पट्टी लगाएं व सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाएं। जिन वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप ना लगी हो उन वाहनों के चालान काटे जाएं। यह निर्देश उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में सडक सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की बैठक लेते हुए अधिकारियों को दिए।
उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाला समय धुंध का समय है। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सडकों पर नियमानुसार स्पीड ब्रेकर पर सफेद मार्किंग लगवाई जाए ताकि दूर से ही स्पीड ब्रेकर का पता चले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओवरलोड वाहनों पर नजर रखें। तय मात्रा से अधिक लोड वाहनों से जहां सडके खराब होती है वहीं सडक हादसा होने का भी अंदेशा रहता है। ऐसे में अधिकारियों का कर्तव्य है कि वह ओवरलोड वाहनों पर अपनी सख्ती इसी प्रकार जारी रखें।
उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में जहां भी फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनने है वहां जल्द से जल्द एफओबी बनवाए जाएं तथा एफओबी बाइक एक्सीलेटर समेत बनवाए। उन्होंने कहा कि रोड़ पर क्रैश बरियर को स्ट्रेक्करली बनवाए व उन पर रिफलेक्टर स्टीकर लगाए ताकि दूर से ही पता चल जाए।
इसके अलावा उन्होंने आदेश देते हुए कहा कि कैश बैरियर पर साफ शब्दों में लिखवाया जाए कि दोनो तरफ नहर है कृपया वाहन धीरे चलाए। उन्होंने कहा कि नहर के बीच बने रोड पर स्पीड कैमरा भी लगवाया जाए और उनका ऑनलाईन चालाना का प्रबंध किया जाए।
उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि वे इंटरनल रोड पर व्हाइट मार्किंग करवाए, ताकि दुर्घटना को रोका जा सके। इसके अलावा जो भी रोड ट्रांस्पोटेशन के लिए प्रयोग किया जा रहा है उस पर भी व्हाइट मार्किंग करवाई जाए। उन्होंने कहा कि 18 फिट वाली सभी सडको को व्हाइट मार्किंग करें और इसमें सभी ब्रेकरों पर भी व्हाईट मार्किंग की जाए, ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और दूर से पता चल जाए।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी अधिकारी को किसी भी रोड पर कोई ऐसी जगह लगती है जहां दुर्घटना होने की आशंका है उसे सडक सुरक्षा निगरानी समीति की तुरंत संज्ञान में लाए ताकि उचित कार्यवाही कर उसे ठीक किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जीटी रोड पर बने ढाबों के लिए ढाबा जोन के नाम से साइन बोर्ड लगवाए जाए। इसके अलावा जहां भी कैरटाई की आवश्यकता है वहां लगवाई जाए तथा ब्लिंकर भी लगवाए जाए। सडक पर जहां भी लाइट की आवश्यकता है वहा लाईट का प्रबंध किया जाए।
उन्होंने निर्देश दिए कि यदि कोई भी व्यक्ति रोड के कटों के साथ छेड़ छाड़ करता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाए।
उन्होंने आरओबी 73 और आरओबी 69 के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने नगर निगम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सडक पर बने फुटपाथ को क्लियर करवाए और यदि कोई व्यक्ति नहीं मानता हो उसे नोटिस दिया जाए।
उन्होंने जीटी रोड पर कैमरा लगवा कर रोंग साइड से जाने वाले वाहन चालकों के ऑनलाइन चालान काटने के निर्देश दिए। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के संबंध में उन्होंने बताया कि इन वाहनों में सभी नियमों की पालना होनी चाहिए। अधिकारी समय-समय पर इनकी चैकिंग करें।
सभी बसों में सीसीटीवी कैमरे, फर्स्ट एड बॉक्स तथा अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अलावा बसों के पीछे रिफलेक्टर टेप लगवाई जाए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को परपेट वॉल, और ड्रेन रिपेयर का भी कार्य करवाने के भी आदेश दिए। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फॉग सीजन के लिए क्रेन का बंदोबस्त रखें ताकि रिस्पॉन्स जल्द से जल्द दिया जाए।

# सरगथल पहुंची 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

## गांव नगर में जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में की शिरकत

**गोहाना/टीम एक्शन इंडिया**
**केन्द्र व** हरियाणा सरकार की योजनाओं को पात्र लोगों के घर द्वार पर लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को गोहाना तहसील के गांव नगर व सरगंथल पहुंची। संकल्प यात्रा के अंतर्गत गांव नगर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि जिला परिषद के चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने किया। इस दौरान चेयरपर्सन ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम में अपने वाले पात्र लोगों को मौके पर ही लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम आशीष कुमार भी मौजूद रहे।
प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के दूरदर्शी विजन के साथ देश-प्रदेश कर रहे दिन दुगनी-रात चौगुनी उन्नति-चेयरपर्सन मोनिका दहिया गांव नगर में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए चेयरपर्सन मोनिका



दहिया ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरदर्शी विजन के साथ देश व प्रदेश दिन-दोगुनी रात चौगुनी उन्नति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का सपना है कि समाज का अंतिम व वंचित व्यक्ति खुशहाल बने, जिसको पूरा करने के लिए वे लगातार लोगों के हक में ऐतिहासिक फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से गरीब व पिछड़े लाभार्थी केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। सरकार का मानना है कि अंतिम व वंचित व्यक्ति के विकास के बिना ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्न भारत की कल्पना संभव नहीं। देश तभी ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्न बनेगा जब इसके नागरिक ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्न होंगे। सरकार समाज के अंतिम व वंचित वर्ग को विकास में बराबर का भागीदार बना रही है। कार्यक्रम में चेयरपर्सन ने उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई।
**चेयरपर्सन ने कार्यक्रम में जनसंवाद कर सुनीं लोगों की शिकायतें:** कार्यक्रम में चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने ग्रामीणों से ह्यजनसंवादह्न करते हुए उनकी परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की शिकायतें, मांगें व सुझाव लेने के लिए सीधे लोगों के बीच जाने की पहल शुरू की गई है। जनसंवाद कार्यक्रम जन-जन की आवाज बन चुका है। केंद्र सरकार की ओर से जनसंवाद कार्यक्रम धरातल पर सरकारी की योजनाओं के क्रियान्वयन और लोगों से सीधे फीडबैक लेने के लिए शुरू किया गया है।
**चेयरपर्सन ने किसानों को बांटे मृदा स्वास्थ्य कार्ड:** जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे समय-समय पर अपनी मिट्टी की गुणवत्ता की जांच अवश्य करवाएं ताकि हमें पता लग सके कि हमारे मिट्टी को किस उर्वरक की जरूरत है।
**गांव सरथल में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने किया शुभारंभः** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव सरथल में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ नायब तहसीलदार खानपुर अशोक कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड के साथ-साथ उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को गैस कनैक्शन व सिलेण्डर वितरित किए।

### ओम शांति शिक्षा सदन में गणित प्रतियोगिता का आयोजन



**राई/टीम एक्शन इंडिया**
**ओम** शांति शिक्षा सदन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नाथूपुर में गणित-प्रतियोगिता विद्यालय में निदेशक योगराज भारद्वाज, प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता की देखरेख में हुई । संचालन गणित अध्यापक रामबीर सिंह द्वारा किया गया। इसमें विद्यालय के चारों सदनों गांधी सदन, नेहरू सदन, पटेल सदन और शास्त्री सदन के नौवीं से बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया । सभी प्रतियोगियों ने गणित में अच्छी रूचि दिखाते हुए, मुकाबले को रोचक बनाए रखा। अंत में पटेल सदन के छात्रों ने 32- 35 अंक प्राप्त कर बाजी मार ली और प्रथम स्थान अर्जित किया। गांधी सदन ने कड़ी टक्कर देते हुए 31- 35 के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### गोयल चैलेंजर्स ने न्यू बंटी इलेवन को 22 रन से हराकर यूनिक 22 सीरीज ट्राफी पर किया कब्जा

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**यूनिक क्रिकेट** स्टेडियम शेखपुरा में 'यूनिक 22 सीरीज' क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में गोयल चैलेंजर्स ने न्यू बंटी इलेवन को 22 रन से हराकर ट्राफी जीत ली । टॉस हारकर पहले खेलते हुए गोयल चैलेंजर्स टीम ने संदीप धनखड़ के 46 व प्रदीप फौगाट के 36 रनों मदद से 8 विकेट पर 189 रन बना बनाये । न्यू बंटी इलेवन के लिए कप्तान बंटी, प्रशांत और लोकेश ने 2-2 विकेट लिये, विजय राणा के 45 रनों के बावजूद भी न्यू बंटी इलेवन 8



विकेट पर 167 रन ही बना सकी, मोनू त्यागी मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज रहे । टूर्नामेंट में सोहित पहल उर्फ सीटू ने 211रन व मोनू त्यागी ने 207 रन तथा अजय गोयल 13 विकेट व मोनू त्यागी 11 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ रहे । अंकुश जांगडा श्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुने गए । टूर्नामेंट में कुल 5 टीमों ने भाग लिया । फाइनल मैच में वर्मा पैथोलॉजी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण वर्मा, प्रसिद्ध समाजसेवी सनत जैन, अमित जैन, संदीप सिंघल, डा.सुरेश कालड़ा (सिग्नस हस्पताल सोनीपत)और यूनिक स्टेडियम के चैयरमेन दीपक गोयल ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की । इस अवसर दिनेश धनखड़, दीपक मलिक,सतेंद्र पहल, अमित खोखर, दीप धनखड़,अंकुश सैनी अंपायर, रविंद्र कटारिया, प्रवीण सहरावत आदि मौजूद रहे ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव उमेदगढ़ व पबनेरा पहुंचने पर ग्रामीणों ने यात्रा का किया जोरदार

**गन्नौर । टीम एक्शन इंडिया**
**लोगों को** केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का उनके घर द्वार पर लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को गांव उमेदगढ़ व पबनेरा में पहंची जहां लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ गन्नौर नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। चेयरमैन अरूण त्यागी ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ दिलाई। इसके पश्चात उन्होंने गर्भवति महिलाओं को फल वितरित करने के साथ-साथ पात्र महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हे और सिलेंडर व आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए।

### हमें कुछ और नहीं बस मंत्री जी आप ही चाहिए: क्षेत्रवासी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** छावनी विधानसभा क्षेत्र के शाहपुर में गृह मंत्री अनिल विज द्वारा कई विकास कार्य करवाने पर क्षेत्र के निवासी उत्साहित है और दर्जनों लोग गृह मंत्री के निवास पर उनका धन्यवाद व्यक्त करने के लिए पहुंचे।
क्षेत्रवासियों ने गृह मंत्री अनिल विज से कहा कि ह्लहमें कुछ और नहीं बस मंत्री जी आप ही चाहिएह्व। लोगों ने कहा कि गृह मंत्री के प्रयासों से शाहपुर में सड़कों का निर्माण तो हुआ है साथ ही पानी निकासी के लिए नालियां बनाई गई है जोकि बीते दशकों से एक प्रमुख समस्या बनी हुई थी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी देश को नई दिशा: राममेहर मलिक



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भारतीय जनता** पार्टी की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राममेहर मालिक ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली है आज भारत का नाम पूरी दुनिया में गूं ज रहा है। वे बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जौंधनकलां में आयोजित किए जा रहे जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका ग्रामवासिंयो ने बुके देकर स्वागत किया।
उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरे देश में निकल जी रही है लोगों द्वारा गर्म जोशी के साथ यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य अंतिम कड़ी तक पहुंचना व उन लोगों की मदद करना जो अभी तक सरकार की योजनाओ का लाभ नहीं ले पाए हैं। कार्यक्रम में उन्होंने विकसित भारत संकल्प की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा प्रगति के पद पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। विभिन्न विभागों मे जो सरकारी नियुक्तियां दी जा रही है उन्हें पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। इस मौके पर उन्होंने प्रतिभावान खिलाड़ी, पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, लोकल कलाकारों को भी विकसित भारत यात्रा की कड़ी में सम्मानित किया। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया व प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत लाभार्थयों को गैसी किट वितरित की। मौके पर तहसीलदार सौरभ शर्मा वीडियो विवेक टी एम- पकज पूनिया, सामाजिक कार्यकर्ता रंजीता कौशिक, रोशनलाल माहला, मंडल प्रधान जसवीर छोकर, आनंद मलिक, विस्तारक ऋषिपाल, देवेंद्र, नीरज रंगा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां दी।
फोटो परिचय-1-भारतीय जनता पार्टी की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राममेहर मालिक को बुके देकर उनका अभिनन्दन करते गांव के सरपंच व अन्य गणमान्य व्यक्ति।

### स्कूल ने खेलों में 30 गोल्ड के साथ 69 मेडल हासिल किए

**गन्नौर । टीम एक्शन इंडिया**
**जयंती प्रसाद** डी ए वी पब्लिक स्कूल के 138 छात्रों ने राष्ट्रीय खेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत डी ए वी सी एम सी द्वारा आयोजित विभिन्न खेलों में क्लस्टर लेवल में भाग लिया। जिनमें से 100 छात्र-छात्राओं ने मेडल प्राप्त के स्कूल व गन्नौर का नाम रोशन किया। कबड्डी खेल में अंडर 14 और अंडर 17 के टीम ने गोल्ड मेडल व अंडर 19 टीम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। ताइक्वांडो खेल में छात्र-छात्राओं ने 6 गोल्ड 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। कराटे खेल में 1 गोल्ड व 1 सिल्वर मेडल प्राप्त



किया। बॉक्सिंग खेल में छात्र-छात्राओं ने दो गोल्ड 7 सिल्वर 4 ब्रोंज मेडल प्राप्त किए। रेसलिंग खेल में 7 गोल्ड 1 सिल्वर मेडल प्राप्त किए। वुसु खेल में 9 गोल्ड 6 सिल्वर 4 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। एथलेटिक्स जंप और रेस में छात्र-छात्राओं ने 2 सिल्वर और 2 ब्रोंज मेडल प्राप्त किए। पदक विजेता स्कूल के 65 खिलाड़ी अब 15 दिसंबर 17 तक राष्ट्रीय मंत्रालय द्वारा स्वीकृत राज्य स्तर पर होने वाले खेलों में भाग लेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई दी।

### केन्द्रीय विद्यालय ग्रुप केन्द्र केरिपु. बल में दादा-दादी व नाना-नानी दिवस समारोह का आयोजन

**राई। टीम एक्शन इंडिया**
**केन्द्रीय विद्यालय** ग्रुप केन्द्र के. रि. पु. बल में दादा-दादी व नाना-नानी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेश कुमार के मार्गदर्शन से समारोह का सुचारु रूप से संचालन हुआ` कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक मोहनलाल बड़ौली ने शिरकत की स्कूल पहुंचने पर विधायक का प्रधानाचार्य ने पगड़ी बांधकर व हरित गमला देकर स्वागत किया` मंच संचालन करते हुए प्राथमिक शिक्षक हरीदर्शन ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे दादा-दादी के साथ समय बिताने के



लिए प्रोत्साहित कियो विधायक मोहनलाल बडोली ने संबोधित करते हुए कहा कि दादा-दादी परिवार का सबसे बड़ा खजाना, एक प्यारी विरासत के संस्थापक, सबसे महान कहानीकार, परंपराओं के रखवाले होते हैं। दादा-दादी परिवार की मजबूत नींव होते हैं। अपने विशेष प्यार और देखभाल के माध्यम से, दादा-दादी एक परिवार को दिल से करीब रखते हैं। उन्हें सम्मानित कर स्कूल ने सराहनीय कार्य किया है । समारोह की शुरूआत दादा-दादी के स्वागत के साथ हुई और उसके बाद नृत्य की प्रस्तुति हुई ।
इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक ओंकार, शैली माड़िया, प्रवीन, अमित भामू, सुमन, अमिता राणा, सीमा, सपना , अजय मलिक, प्रियंका, रंजना रानी, सीता देवी, निधि तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थें।

# योजनाओं की गारंटी के साथ गांवों में पहुंच रही भारत संकल्प यात्रा

## गांव औरंगाबाद व नांगल कलां में विधायक मोहनलाल बड़ौली ने किया यात्रा का स्वागत

**राई । टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री श्री** नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को गांव औरंगाबाद व नांगल कलां में पहुंची और लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की सेवाओं से आमजन को लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। ह्यविकसित



भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। यात्रा के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों का फीडबैक भी लिया जा रहा है। इस दौरान विधायक ने भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया।इस मौके पर ब्लॉक समिति राई के चेयरमैन प्रदीप सबोली, बीडीपीओ सुरेन्द्र कुमार, निशांत छोक्कर, विनोद बैरागी, नंदकिशोर, अशोक कौशिक, सुनील कटारिया, मुकेश शर्मा, एसईपीओ सुरेन्द्र ड्बसगला, गांव औरंगाबाद के सरपंच शिवम, गांव सेवली के सरपंच प्रशांत, नांगल कलां के सरपचं अनिल कुमार, कुलदीप नांगल, बबीता, सतीश तुषीर, डॉ० अंजलि बजाज सहित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

विधायक ने विभागीय प्रदर्शनी का किया अवलोकनः-
ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रमह्न के दौरान विधायक मोहनलाल बड़ौली ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया। यात्रा के दौरान कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, मेरा भारत स्वयं सेवकों के पंजीकरण के लिए स्टॉल, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 14 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### नागपुर में विधानभवन की सुरक्षा बढ़ाई गई, विधायकों को मिलेंगे सिर्फ दो विजिटर पास

**मुंबई।** दिल्ली में संसद की सुरक्षा चूक के मद्देनजर नागपुर में विधानभवन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि अब सिर्फ विधायकों को दो विजिटर पास मिल सकेंगे। दिल्ली में संसद की सुरक्षा चूक के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस विधायक पृथ्वीराज चव्हाण ने विधानसभा में सुरक्षा व्यवस्था का मुद्दा उठाया। उन्होंने राज्य सरकार से सावधान रहने और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाए जाने की भी मांग की। इसके बाद उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि विधानसभा और विधानपरिषद के सदस्यों को अधिकतम दो विजिटर पास दिए जाने चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि मैंने पहले भी सदस्यों से अधिक से अधिक दो विजिटर पास लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि अब किसी भी विधायक को सिर्फ दो विजिटर पास दिए जाएंगे। इसका कठोरता से पालन करना जरूरी है। विधानपरिषद की सभापति नीलम गोरहे ने भी विधानपरिषद के सदस्यों को सिर्फ दो विजिटर पास दिए जाने की घोषणा की। इसके साथ ही नागपुर में विधान भवन की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

### एमी पुरस्कार विजेता अभिनेता आंद्रे ब्रूघर का निधन

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर लोकप्रिय सीरीज 'ब्रुकलिन नाइन-नाइन' में 'कैप्टन रे होल्ट' की भूमिका निभाने वाले अभिनेता आंद्रे ब्रूघर का निधन हो गया है। उनकी टीम ने उनके निधन की खबर की पुष्टि की है। अभिनेता आंद्रे ब्रूघर को वेब सीरीज 'होमिसाइड : लाइफ ऑन द स्ट्रीट' और 'ब्रुकलिन नाइन-नाइन' में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने प्रतिष्ठित एमी पुरस्कार भी जीता। उनका 61 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। आंद्रे ब्रूघर की पब्लिसिस्ट जेनिफर एलन ने मीडिया को एक्टर के निधन की जानकारी देते हुए बताया कि आंद्रे का छोटी बीमारी के बाद निधन हो गया है। आंद्रे का जन्म शिकागो में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1989 में रिलीज हुई फिल्म 'ग्लोरी' से मनोरंजन जगत में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने मॉर्गन फ्रीमैन और डेनजेल वॉशिंगटन के साथ अहम भूमिका निभाई थी। हॉलीवुड में काम पाने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। उस समय हॉलीवुड में अफ्रीकी अभिनेताओं के लिए बहुत कम भूमिकाएं थीं। आंद्रे ब्रूघर ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि काम मिलने में काफी दिक्कतें आईं।

# लखनऊ: ओटीएस में अब तक 2600 करोड़ से ज्यादा की वसूली

**बिजली चोरी से जुड़े मामलों में ही 54 हजार से ज्यादा लोगों ने योजना का लाभ प्राप्त किया है तो वहीं विभाग को इसके माध्यम से 180 करोड़ से ज्यादा का राजस्व मिला है।**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
बिजली उपभोक्ताओं को अपने बकाये की राशि चुकाने के लिए योगी सरकार द्वारा शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) न सिर्फ उपभोक्ताओं के लिए बल्कि ऊर्जा विभाग के लिए भी सुपर डुपर हिट साबित हो रही है। 12 दिसंबर तक इस योजना के तहत 27 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड लोगों को लाभ मिला है, जबकि विभाग को 2600 करोड़ से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि सिर्फ बिजली चोरी से जुड़े मामलों में ही 54 हजार से ज्यादा लोगों ने योजना का लाभ प्राप्त किया है तो वहीं विभाग को इसके माध्यम से 180 करोड़ से ज्यादा का राजस्व मिला है। यह राशि योगी सरकार की इस योजना की सफलता का बड़ा उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। उल्लेखनीय है कि




योगी सरकार ने आठ नवंबर को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की शुरुआत की थी। उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में अपना पंजीकरण कराया। योजना के तहत दो तरह के लोग इसका लाभ ले रहे हैं। एक ओटीएस नॉर्मल और दूसरा ओटीएस थेफ्ट (जिन पर बिजली चोरी का बकाया है)। यह योजना 08 नवंबर से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन खंडों में चलाई जा रही है। इस योजना का पहला चरण 08 से 30 नवंबर तक चला है, जबकि अब एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक इसका दूसरा चरण चल रहा है। तीसरा चरण 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलेगा। प्रवक्ता ने बताया कि बिजली चोरी के मामलों में पांचों डिस्कॉम्स में से सर्वाधिक 17,312 रजिस्ट्रेशन पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. (मेरठ) से हुए हैं, जहां से 50.07 करोड़ रुपये का राजस्व कोष में जमा हुआ है। वहीं, सर्वाधिक 53.78 करोड़ रुपये का राजस्व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (वाराणसी) से प्राप्त हुआ है, जहां 13,276 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अलावा दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. (आगरा) से कुल 14,220 रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं के माध्यम से 39.37 करोड़ रुपये, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. (लखनऊ) से 8484 उपभोक्ताओं के जरिए 35.08 करोड़ रुपये और केस्को कानपुर से 1184 उपभोक्ताओं के माध्यम से 2.47 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया गया है। इस तरह पांचों डिस्कॉम्स में कुल मिलाकर 54,476 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिनसे कुल मिलाकर 180.77 करोड़ की वसूली हुई है। वहीं सिर्फ 12 दिसंबर को 1626 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और विभाग के कोष में 4.05 करोड़ रुपये जमा हो गए।

**ओटीएस नॉर्मल में एक दिन में जमा हुए 110 करोड़ रुपये:** ओटीएस नॉर्मल के तहत सर्वाधिक 7,70,718 रजिस्ट्रेशन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. में हुए हैं, जहां से कुल 490.33 करोड़ रुपये की वसूली हुई है। वहीं सर्वाधिक 847.74 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. से हुई, जहां कुल 7,65,137 उपभोक्ताओं ने योजना में रजिस्ट्रेशन कराया। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. में 5,99,895 रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं से 490.33 करोड़ और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. से 5,93,036 रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं से 618.86 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई है। कुल मिलाकर चारों डिस्कॉम्स से कुल 27,28,786 रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं के जरिए विभाग ने 2,615.48 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जोरशोर से जुटी है सरकार

**लखनऊ।** राम कण-कण में हैं। राम जन-जन में हैं। इस भावना को अंगीकृत करने वाली योगी सरकार वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी को भी श्रीराम के आदर्शों एवं मूल्यों से अवगत करा रही है। पांच सौ वर्षों के बाद अयोध्या सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक रूप से और समृद्ध दिखेगी, जब 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में रामलला अपने जन्मभूमि मंदिर में विराजमान होंगे। इस अवसर को योगी सरकार अद्वितीय, अविस्मरणीय एवं



अलौकिक बनाने में जोरशोर से जुटी है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नेपाल, कंबोडिया, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि देशों के रामलीला मंडलियों के कलाकार आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, कर्नाटक, सिक्किम, केरल, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ की मंडली भी श्रीराम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रसंगों की प्रस्तुतियां देंगी। तुलसी भवन स्मारक स्थित तुलसी मंच पर देश-विदेश की विभिन्न रामलीलाओं का मंचन प्रस्तावित है। रामलीला मंचन के लिए सरकार की तरफ से दो करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी।

## मोदी ने हिमाचल को फिर दिये 633.75 करोड़: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली/ हिमाचल प्रदेश/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश में पिछले दिनों आए आपदा से लोगों को राहत एवम पुनर्वास हेतु 633.75 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदान की है। ये पैसे नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फंड से दिए जायेंगे जिसकी जानकारी गृह मंत्रालय ने दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्र सरकार के इस मदद को हिमाचल के लिए बेहद जरूरी और लाभदायक बताते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का आभार जताया। श्री ठाकुर ने कहा, "आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सदैव हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर माना है और हमेशा हिमाचल के सुख दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। एक बार फिर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आज हिमाचल प्रदेश में पिछले दिनों आए आपदा से लोगों को राहत एवम पुनर्वास हेतु नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फंड के अन्तर्गत ?633.75 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदान की है। यह राशि आपदा हिमाचल में पुनर्वास व राहत कार्यों में बहुउपयोगी साबित होगी। इस बड़ी मदद के लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का आभार प्रकट करता हूँ आगे बोलते हुए श्री अनुराग ठाकुर ने कहा हृ विगत दिनों हिमाचल प्रदेश ने भीषण प्राकृतिक आपदा की मार झेली है मगर केंद्र सरकार ने हिमाचल में कभी भी किसी प्रकार की



**आभार**
8 हिमाचल के पुनरुत्थान हेतु केंद्र ने फिर दिए 633.75 करोड़ रुपए: अनुराग ठाकुर

कोई कमी नहीं आने दी। प्रदेश की जनता के लिए राहत, पुनर्वास, और हिमाचल को फिर से विकास की पटरी पर दौड़ाने के लिए मोदी सरकार ने हर आवश्यक कदम उठाये। नागरिकों की निकासी के लिए पौंटा साहिब में सेना के 1 पैरा एसएफ और 205 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन की 01 कॉलम भी तैनात की गई थी। इसके साथ ही बचाव कार्यों के लिए भारतीय वायु सेना के 02 एमआई-17 वी हेलीकॉप्टर भी तैनात किए गए थे जिससे समय रहते हजारों जानें बचाई जा सकीं। नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के माध्यम से भी मदद दी गई।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संसद पर 13 दिसंबर 2001 को हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## बेगूसराय सदर अस्पताल के जांच में मिली बड़ी गड़बड़ी


**बेगूसराय।** बिहार के नंबर वन अस्पताल का दर्जा प्राप्त बेगूसराय सदर अस्पताल में कुछ भी ठीक नहीं है। ना यहां जरूरत के मुताबिक डॉक्टर उपस्थित हैं और ना ही जांच के लिए प्रशिक्षित कर्मी। इसका खुलासा बुधवार को निरीक्षण में हुआ है। स्वास्थ्य विभाग के रीजनल एडिशनल डायरेक्टर (आरएओ) डॉ. वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने बुधवार को बेगूसराय सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवा में कई खामियां नजर आई है। जिसे ठीक करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया है। मुंगेर रीजनल डायरेक्टर डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल के ओपीडी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, पैथोलॉजी सहित विभिन्न क्रियाकलापों का निरीक्षण किया है। ओपीडी में दो चिकित्सकों को रहना चाहिए। लेकिन मात्र एक चिकित्सक के रहने से सिस्टम में भारी कमी है। ओपीडी पंजी में चिकित्सक की कमी के कारण सब कुछ सही तरीके से नहीं लिखा जाता है। आंख विभाग में डॉक्टर नहीं है, सर्जरी में भी कमी है। एनसीडी सेल ठीक है, लेकिन वहां भी सभी मशीन उपलब्ध नहीं है।

## कुमाऊं विवि ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि ने बुधवार को परीक्षा सत्र 2023 में पंजीकृत विद्यार्थियों की बीएससी ऑनर्स-गणित के चौथे व छठे सेमेस्टर तथा एलएलबी के चौथे सेमेस्टर की व्यवसायिक परीक्षाओं के पंजीकृत परीक्षार्थियों के परिणाम घोषित कर दिए हैं। विवि के परीक्षा नियंत्रक की ओर से बताया गया है कि परीक्षा परिणाम विवि की आधिकारिक वेबसाइट केयूएनटीएल डॉट नेट पर लॉग इन करके अथवा अपने परिसर या महाविद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

## बोरवेल में फंसी प्लास्टिक की बोतल बनी नवजात बच्ची की जीवनरक्षक

**टीम एक्शन इंडिया/संबलपुर**
ओडिशा में एक बोरवेल में फंसी नवजात बच्ची को पांच घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाल लिया गया। बोरवेल से बाहर निकालने के बाद बच्ची को एंबुलेंस से संबलपुर के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसका चल रहा है। हालांकि, सर्दी के मौसम में बोरवेल में फंसी बच्ची की किसी ने सबसे ज्यादा मदद की है तो वो है 100 वाट का एक साधारण बल्ब। इस बल्ब की गर्मी की वजह से बच्ची जिंदा बच सकी। अधिकारियों ने बताया कि किसी ने बोरवेल में पहले से प्लास्टिक की बोतल फंसी हुई थी। जब किसी ने नवजात बच्ची को बोरवेल के अंदर फेंका तो यह बोतल उसके लिए जीवनरक्षक बन गई। इसकी वजह से उसका सिर दीवार और जमीन से टकराने से बच गया।
उन्होंने बताया कि बच्ची को मंगलवार रात रेंगाली इलाके के



लारीपाली गांव में 20 फुट के खाली पड़े बोरवेल से बचाने के बाद ग्रीन कॉरिडोर में ले जाया गया। इसके बाद इलाज के लिए उसे 60 किलोमीटर दूर संबलपुर शहर के वीर सुरेंद्र साई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सुभम सिंघा ने कहा कि बच्ची फिलहाल ठीक है। उसके शरीर पर कुछ मामूली चोट के निशान हैं। सर्दी में बोरवेल में गिरे रहने के कारण हाइपोथर्मिया से पीड़ित हो गई थी।

## कोलकाता: पूर्व विधायक के परिसर पर आयकर के छापे

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
पश्चिम बंगाल में बुधवार सुबह आयकर विभाग के अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस के एक पूर्व विधायक और कई अन्य व्यापारियों के परिसरों पर छापेमारी की। आरोप है कि व्यापारियों ने पिछले कई वर्षों से टैक्स का भुगतान नहीं किया है। इसी के चलते उनके आसनसोल, दुर्गापुर और रानीगंज के परिसरों पर छापे




मारे गए। आयकर विभाग के एक अफसर ने कहा, हमारे अधिकारी कल दुर्गापुर पहुंचे थे और बुधवार को सुबह से ही इन व्यापारियों के आवासों की तलाशी शुरू कर दी गई। वे बैंक खातों का ब्योरा और उनकी संपत्ति से जुड़े अन्य विवरण और दस्तावेज तलाश रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयकर विभाग के अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक सोहराब अली और अन्य व्यापारियों से भी पूछताछ कर रहे हैं। सभी के परिसरों के बाहर बड़ी संख्या में केंद्रीय बल के जवान तैनात हैं।

## 'हिमाचल को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किया जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु ने गत दिवस को नई दिल्ली में आयोजित एजेंडा आज तक-2023 कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगले वर्ष के लिए सरकार का मुख्य एजेंडा हिमाचल को भारत की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से हुई तबाही के बाद युद्ध स्तर पर बहाली का काम किया गया और हिमाचल प्रदेश सर्दियों के मौसम में पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है। उन्होंने देश-विदेश के पर्यटकों को हिमाचल आने और इसके प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया।
मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और राज्य सरकार के प्रमुख निर्णयों और नीतियों के बारे में भी विस्तार से बताया।




उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद उनका पहला काम राज्य की वित्तीय स्थिति को सुधारना था। उन्होंने कहा कि उचित वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं और राज्य की वित्तीय स्थिति में सुधार करते हुए जल्द ही इसमें सकारात्मक बदलाव देखा जाएगा। उन्होंने दस वर्षों के भीतर हिमाचल को देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने की परिकल्पना को साकार करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अपने पहले साल में तीन गारंटियां पूरी की हैं और बाकी गारंटियां आगामी चार सालों में चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएंगी। पुरानी पेंशन योजना मानवीय आधार पर लागू की गई है, ताकि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद का जीवन सुरक्षित हो सके।
680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के पहले चरण में ई-टैक्सी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत, राज्य सरकार युवाओं को ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान कर रही है जिससे राज्य में हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा तथा उनको एक निश्चित आय भी सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए अगले सत्र से सभी सरकारी संस्थानों में अंग्रेजी माध्यम शुरू किया जाएगा। 4,000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है तथा उनके कल्याण के लिए देश में पहली बार कानून हक देते हुए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना शुरू की जिसके तहत, राज्य सरकार इन बच्चों की 27 वर्ष की आयु पूरी होने तक उनकी देखभाल और उच्च शिक्षा के लिए उचित सहायता प्रदान कर रही है मुख्यमंत्री ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिला की 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को जनवरी, 2024 से 1500 रुपये प्रदान किए जाएंगे।





संसद भवन परिसर में कानून और न्याय, संसदीय कार्य और संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल 2001 में संसद हमले में शहीद हुए बहादुर सुरक्षा कर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
वर्ष: 08 अंक: 333 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | करनाल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# कौन हैं वो लोग जिन्होंने संसद में किया धुआं-धुआं

## चार आरोपियों में एक महिला भी शामिल, इन राज्यों से है कनेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश की सबसे सुरक्षित जगह मानी जाने वाली नई संसद भवन की सुरक्षा में आज बड़ी चूक हुई। यहां दो युवक लोकसभा के अंदर सांसदों के बीच में दर्शक दीर्घा से उस वक्त कूद गए जब सदन की कार्यवाही जारी थी। इनमें से एक युवक पीछे से कूदते-फांदते हुए सांसदों के बीच जा पहुंचा और जूते से स्प्रे निकालकर पूरे सदन को धुआं-धुआं कर दिया। अब इन लोगों की पहचान सामने आई है।

**संसद को धुआं-धुआं करने वाले का नाम आया सामने**
लोकसभा के अंदर कलर क्रैकर लेकर पहुंचे शख्स का नाम सागर शर्मा बताया जा रहा है। हालांकि यह अभी पता नहीं चल सका है कि सागर कहां का रहने वाला है और किस उद्देश्य उसने इस घटना को अंजाम दिया।

**संसद के बाहर इन दो लोगों ने किया प्रदर्शन:** संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर बुधवार को दो मामले सामने आए हैं। एक मामले में सदन के बाहर दो लोगों ने तानाशाही नहीं चलेगी का नारा लगाते हुए प्रदर्शन शुरू किया। इनके प्रदर्शन शुरू करते ही पुलिस के जवानों ने हिरासत में ले लिया।
इन दो प्रदर्शनकारियों में एक महिला भी थी। इनकी पहचान नीलम (42) निवासी जींद (हरियाणा) के रूप में हुई है। वहीं दूसरे प्रदर्शनकारी की पहचान अनमोल शिंदे (25) निवासी लातूर (महाराष्ट्र) के रूप में हुई है।

**नक्सलवादियों से है नीलम का कनेक्शन:** बताया जा रहा है कि संसद के बाहर तानाशाही नहीं चलेगी का नारा लगाने वाली नीलम जींद जिले के उचाना के एक गांव की है। बताया जा रहा है कि वह नक्सलवादियों से जुड़ी हुई है। उसके गांव में टीम रवाना कर दी गई है।

**इन राज्यों से है कनेक्शन**
नीलम- जींद, हरियाणा
अनमोल शिंदे- लातूर, महाराष्ट्र
सागर शर्मा- लखनऊ, यूपी
मनोरंजन- मैसूर, कर्नाटक

एक ही ग्रुप के हो सकते हैं चारों
माना जा रहा है कि संसद के अंदर और बाहर हुई दोनों घटनाओं में शामिल चारों लोग एक ही ग्रुप के हो सकते हैं। ट्रांसपोर्ट भवन के बाहर से पकड़े गए दो आरोपितों को ही संसद भवन थाने लाया गया है। संसद के अंदर दर्शक दीर्घा से कूदने वाले दोनों युवक अभी संसद भवन सुरक्षा कर्मियों के हिरासत में ही हैं। उन्हें अभी दिल्ली पुलिस के हवाले नहीं किया गया है। संसद भवन के सुरक्षा अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं।



### 'नौकरी नहीं है...इसलिए मर जाना बेहतर', संसद में सनसनी मचाने वाली नीलम की मां का बयान

**नई दिल्ली।** बुधवार को संसद में एक बार फिर से सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। संसद में सुरक्षा चूक से जुड़ी दो बड़ी घटनाएं हुई हैं। पहली- संसद के बाहर दो लोगों के प्रदर्शन करने और दूसरी-लोकसभा में कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे दो लोग सदन के बीच में कूदने की। जब दो संदिग्ध सदन में कूदे तो सदन में कुछ धुआं सा उठा। वहीं, घटना में शामिल एक आरोपी नीलम की मां सरस्वती ने कहा कि बेरोजगारी से मेरी लड़की तंग थी, हमारा इतना जुगाड़ भी नहीं है। किसी तरह तो पढ़ाई-लिखाई करवाई। वो तो धरने में भी जाती रहती थी। मां ने आगे कहा कि हमने वहां से भी उसे रोका था। फिर उसने कहा कि मेरी परीक्षा है, फिर उसके लिए हमने उसका सपोर्ट किया, लेकिन हमें ये नहीं मालूम था कि वो क्या कर रही है। हिसार से गए उसे चार-पांच महीने हो गए हैं। मैं डॉक्टर के पास गई हुई थी। मेरी बेटी ने कहा था कि मां को अच्छे डॉक्टर पर दिखाना, लेकिन आज जो कुछ हुआ उस बारे में कोई बात नहीं हुई थी। वो बोलती थी कि मां मैं इतना पढ़ ली, लेकिन दो रोटी खाने का रोजगार तक नहीं है। इससे अच्छा तो मैं मर जाऊं। वह बेरोजगारी को लेकर चिंतित थी। मैंने उससे बात की थी, लेकिन उसने मुझे दिल्ली के बारे में कभी कुछ नहीं बताया। इसके अलावा नीलम के छोटे भाई ने कहा कि हमें यह भी नहीं पता था कि वह दिल्ली गई थी।

## संसद भवन की सुरक्षा फिर सवालों के घेरे में, 2001 में हमले के बाद किया गया था बदलाव

**नई दिल्ली।** संसद भवन में बुधवार को दो लोग सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए संसद सदस्य के बीच पहुंच गए। आरोपियों ने टियर गैस कनस्तर का छिड़काव किया। हालांकि इससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इसने सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है। सबसे बड़ी बात है कि 2001 में संसद पर हमले की आज बरसी भी थी। इसके बाद भी सुरक्षा में चूक हुई। आखिर संसद की सुरक्षा की व्यवस्था किस तरह है? आइए इस बारे में जानते हैं। 2001 में संसद भवन पर जैश ए मोहम्मद के आतंकियों द्वारा हमले के बाद संसद भवन की सुरक्षा में बदलाव कर दिया गया था। पहले संसद भवन के गेट पर और अंदर भी दिल्ली पुलिस और अन्य पैरामिलिट्री के जवानों को ड्यूटी रहती थी। किंतु उस घटना के बाद संसद भवन की सुरक्षा के लिए अलग से जवानों की भर्ती की गई। वहीं संसद भवन के अंदर जाने वाले लोगों की सुरक्षा जांच की सारी जिम्मेदारी पार्लियामेंट्री सिक्योरिटी फोर्स के जिम्मे ही होती है।

**तीन स्तरों पर होती है संसद की सुरक्षा व्यवस्था**
संसद की सुरक्षा में जो बदलाव किए गए हैं, उसमें तीन स्तर बनाए गए हैं। पहला स्तर भवन के बाहर की है, जिसका जिम्मा दिल्ली पुलिस के पास होता है। दिल्ली पुलिस बाहरी सुरक्षा को देखती है। वहीं दूसरा स्तर पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप का होता है। वहीं तीसरा स्तर पार्लियामेंट्री सिक्योरिटी सर्विस का होता है। बता दें, पार्लियामेंट्री सिक्योरिटी सर्विस विशेषकर राज्यसभा और लोकसभा के लिए होता है। इसका काम आम लोगों और पत्रकारों की जांच करना और उन्हें नियंत्रित करना है।



**पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस की अहम भूमिका**
पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस के जिम्मे ही सभी सांसदों की पहचान करना, उनके सामानों की जांच करना होता है। यही वह स्तर होता है, जहां आम लोगों की गहनता से जांच की जाती है। संदिग्ध वस्तुओं की जांच तो दिल्ली पुलिस करती है, लेकिन बाद में ये भी उसकी जांच पुनः करते हैं। वहीं पार्लियामेंट्री ड्यूटी ग्रुप संसद परिसर के अंदर की गतिविधियों पर नजर बनाए रखते हैं।

**घुसपैठियों के लिए थर्मल इमेजिंग सिस्टम**
बात दें,इसी साल नई संसद का उद्घाटन हुआ है। इसी हिसाब से इसमें सुरक्षा के नवीनतम इंतजाम किए गए थे। घुसपैठियों को रोकने के लिए थर्मल इमेजिंग सिस्टम लगाया गया था। यह सिस्टम दूर से ही संदिग्ध की पहचान कर लेता है। इसके अलावा किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए एक मजबूत फायर अलार्म सिस्टम भी स्थापित किया गया है। कुल मिलाकर संसद की सुरक्षा पूरी तरह चाक-चौबंध रखी गई है।

**अलग-अलग एजेंसियां कर रहीं पूछताछ :** ये चारों कब और कैसे दिल्ली पहुंचे इस बारे में अलग-अलग एजेंसी इनसे पूछताछ कर रही है। कुछ घंटे बाद यह निर्णय लिया जाएगा कि चारों के खिलाफ किन धाराओं ने किस थाने में मुकदमा दर्ज किया जाए। संसद भवन थाने के बाहर मीडियाकर्मियों का जमावड़ा होने के कारण मुख्य द्वार पर बैरिकेड लगाकर इंट्री बंद कर दी गई है।
**अभी स्पेशल सेल के डीसीपी:** राजीव रंजन सिंह अपनी टीम के साथ संसद मार्ग थाने पहुंच गए हैं। आईबी की टीम कई घंटे पहले संसद मार्ग थाने पहुंच गई थी। पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ये चारों किसी संगठन से जुड़े हैं या नहीं।

# देविका ने सौ मीटर में जीता स्वर्ण पदक, 200 मीटर में हासिल किया रजत

**रिकार्ड**
8 प्रतिभा के दम पर विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। देविका के नाम 100 और 200 मीटर में राष्ट्रीय रिकार्ड भी हैं।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जवाहरलाल** नेहरू स्टेडियम में खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 100 मीटर स्पर्धा के टी-37/36 वर्ग में देविका मलिक ने स्वर्ण पदक जीता है। वहीं 200 मीटर स्पर्धा के टी-37/35 वर्ग में देविका ने रजत पदक हासिल किया। देविका पैरा एथलीट और पैरालिम्पिक समिति की अध्यक्ष दीपा मलिक की बड़ी बेटी हैं, जिन्होंने प्रतिभा के दम पर विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। देविका के नाम 100 और 200 मीटर में राष्ट्रीय रिकार्ड भी हैं। देविका ने बताया कि उन्होंने चीन में आयोजित हुए पैरा एशियाई खेलों के लिए जमकर मेहनत की थी। वही मेहनत उन्हें खेलो इंडिया पैरा गेम्स में पदक जीतने में सहायक बन रही है। हरियाणा के लिए दो पदक जीतना गर्व की बात है। वैसे तो वह एक अंतरराष्ट्रीय एथलीट हैं, लेकिन खेलो इंडिया पैरा गेम्स में भाग लेना और पदक जीतना बड़ी बात है।

**मेरी मां ही मेरी ताकत: देविका मलिक:** उन्होंने बताया कि मेरी मां ही मेरी ताकत हैं। मां दीपा मलिक ने बताया कि शरीर का एक हिस्सा पैरालाइज होने के बावजूद देविका मजबूत इरादे के दम पर विश्वभर में जीत का परचम लहराती है। एक मां के तौर पर मैंने हमेशा उसका साथ दिया है। उसकी कामयाबी देखकर खुशी मिलती है।

## देश में टीबी की दवाओं की कोई कमी नहीं: स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** देश में टीबी की दवाओं की कोई कमी नहीं है। राज्यों को टीबी रोधी दवाओं की नियमित आपूर्ति की जा रही है और पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर नियमित मूल्यांकन किया जा रहा है। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पूरे वर्ष केंद्रीय स्तर से सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को टीबी रोधी दवाओं की नियमित आपूर्ति होती रही है और केंद्रीय गोदामों से लेकर विभिन्न स्तरों पर स्टॉक की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए नियमित मूल्यांकन किया जाता है। इसके अलावा आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सीमित मात्रा में स्थानीय खरीद के लिए संसाधनों का प्रावधान किया गया है।
मंत्रालय ने जानकारी दी कि टीबी के इलाज में उपयोग होने वाली सभी दवाओं का 4 से 6 महीने तक का स्टॉक उपलब्ध है।

## एयरपोर्ट पर 83 लाख रुपये का सोना बरामद, हीटर में छिपाई थी छड

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक यात्री को पकड़ा है। उसके पास से 83 लाख रुपये का सोना जब्त किया गया। बैंकॉक से आए एक यात्री ने इलेक्ट्रिक वॉटर हीटर में 1500 ग्राम वजन की सोने की छड़ को छिपाया था। यात्री को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत गिरफ्तार किया गया था। आगे की जांच जारी है।


# 22 साल पहले आज ही के दिन हुआ था संसद पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** देश के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले संसद भवन में आज सुरक्षा में चूक की दो घटनाएं घटीं। पहली- संसद के बाहर दो लोगों के प्रदर्शन करने और दूसरी-लोकसभा में कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे दो लोग सदन के बीच में कूदने की। जब दो संदिग ?ध सदन में कूदे तो सदन में कुछ धुआं सा उठा। हालांकि, दोनों ही घटनाओं के संदिग्धों को सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया है और पूछताछ की जा रही है। संसद की सुरक्षा में यह उस दिन दिन हुई है, जब लोकतंत्र के मंदिर पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी है। 22 साल पहले आज ही के दिन यानी 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर आतंकी हमला हुआ था, जिसमें सुरक्षाकर्मियों समेत नौ लोग मारे गए थे और 18 लोग घायल हुए थे। बस गनीमत ये रही कि कोई सांसद इनका निशाना नहीं बना।

**उस दिन क्या हुआ था ?**
13 दिसंबर 2001 का दिन था। संसद में शीतकालीन सत्र चल रहा था। महिला आरक्षण विधेयक पर बहस के दौरान हंगामे के चलते सुबह 11:02 बजे लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी। इस कारण उस वक्त के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और विपक्ष की नेता सोनिया गांधी समेत कई मंत्री संसद भवन से जा चुके थे, लेकिन उस वक्त के देश के गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी, प्रमोद महाजन, कई मंत्री, सांसद और पत्रकार समेत 100 से ज्यादा वीआईपी संसद भवन के भीतर मौजूद थे। घड़ी में करीब 11:30 बज रहे थे। उपराष्ट्रपति कृष्णकांत के सिक्योरिटी गार्ड उनके बाहर आने का इंतजार कर रहे थे। तभी गृह मंत्रालय का फर्जी स्टीकर लगाए एक सफेद रंग की एंबेसडर कार गेट नंबर-12 से संसद भवन में घुस आई। कार में हथियारों का जखीरा था और पांच आतंकी बैठे थे। कारण कारण गेट नंबर-12 पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों को चकमा देने में सफल हो गई। कार आगे बढ़ी तो अचानक सुरक्षाकर्मियों को कुछ अजीब लगा तो वे उस एंबेसडर कार के पीछे दौड़े। इस बीच, आतंकियों की कारण उपराष?ट्रपति की खड़ी कार से टकरा गई। घबराकर आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। आतंकियों के पास एके-47, पिस्टल और हैंड ग्रेनेड था, जबकि उस वक्त सिक्योरिटी गार्ड निहत्थे हुआ करते थे।




**जंग का मैदान बन गया था संसद:** गोलियां की आवाज सुनकर सीआरपीएफ की बटालियन एक्टिव हो गई। उपराष्ट्रपति कृष्णकांत के सिक्योरिटी गार्ड्स और सुरक्षाकर्मियों ने पलटवार किया। आनन-फानन सभी कंपाउंड के गेट बंद कर दिए गए। संसद में मौजूद सभी मंत्री, सांसद और अधिकारियों को भीतर ही सुरक्षित रहने के लिए कहा गया। इधर एक आतंकी ने गेट नंबर-1 से संसद में घुसने की कोशिश की तो सुरक्षाकर्मियों ने उसे वहीं मार गिराया। इस दौरान उसके शरीर पर लगे बम फट गया। संसद भवन जंग का मैदान बन गया था। दोनों ओर से गोलीबारी जारी थी। अन्य चार आतंकियों ने गेट नंबर-4 से सदन में घुसने की कोशिश की। इनमें से तीन को सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया।



# 'मॉडल टाउन वासियों को जल भराव से मिलेगी राहत'



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम मेयर** निखिल मदान बुधवार सुबह वार्ड 12 के मॉडल टाउन क्षेत्र पहुंचें, जहाँ उन्होंने नगर निगम द्वारा 1 करोड़ 43 लाख ? की लागत से करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद लक्ष्मी नारायण तनेजा विशेष रूप से मौजूद रहे।स्थानीय निवासियों ने फ्रेंड्स पार्क में एकत्रित होकर मेयर निखिल मदान और निगम पार्षद लक्ष्मी नारायण तनेजा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि मॉडल टाउन के मुख्य मार्ग पर बरसात के समय होने वाले जल भराव के कारण सभी स्थानीय निवासी बेहद परेशान है, सड़क का लेवल काफी नीचा होने के कारण बरसात के समय इस मार्ग पर कई कई फीट तक पानी भर जाता है, जिसके कारण आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो जाता है। उक्त समस्या के समाधान के लिए स्थानीय पार्षद ने पिछली हाउस की बैठक में मुख्य मार्ग पर बरसाती पानी की निकासी के लिए स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने की मांग रखी थी। जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया था। उसके पश्चात इस कार्य को फाइनेंस कमेटी की बैठक में भी पारित किया गया था। आज उसी कार्य का क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक लहरी शर्मा ने नारियल तोड़कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया है।

अब जल्द ही स्टॉर्म वाटर लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जायेगा और उसके बाद सड़क पक्की की जाएगी। इस पूरे कार्य में 1 करोड़ 43 लाख ? की लागत आएगी। मॉडल टाउन के गौतम चौक से आनंद सिनेमा तक 58 लाख ? की लागत से स्टॉर्म वाटर लाइन को बिछाया जायेगा और ड्रेन नं 6 से जोड़ा जाएगा , साथ ही 85 लाख ? की लागत से सड़क को आर एम सी से पक्का किया जाएगा। इस कार्य के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को जल भराव से निश्चित तौर पर राहत मिलेगी। मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाली अधिकांश सड़कों के निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है, इसके अतिरिक्त आई टी आई रोड और जटवाड़ा रोड़ का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है। मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय निवासियों की मांग पर मॉडल टाउन क्षेत्र में सभी जगह नई स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी। इस अवसर पर पार्षद लक्ष्मी नारायण तनेजा, सुजान सिंह पार्क रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान शशि पाल, सचिव कमल पराशर,सुभाष गक्खर,सतीश विरमानी,के सी डोगरा,सुभाष बेरी,आर के कामरा,नंद लाल,वासुदेव शर्मा,देवेंद्र शर्मा,राजकुमार कौशिक,राहुल तनेजा, हरि प्रकाश गोयल,सुभाष चंद्र मित्तल,राम गेरा,दीवान अरोड़ा,राम कला,नरेश पाल,के के भूटानी आदि लोग मौजूद रहे।

# जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने वॉइस ऑफ द यूथ कार्यक्रम में लिया भाग



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) जीएमएन कॉलेज,** अंबाला कैंट के विद्यार्थियों को विकसित भारत@2047 वॉयस ऑफ द यूथ प्लेटफॉर्म के लॉन्च में भाग लेने का अनूठा अवसर मिला, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का प्रभावशाली संबोधन शामिल था। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह आयोजन युवा जुड़ाव और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होनें बताया कि जी.एम.एन. कॉलेज से बड़ी संख्या में विद्यार्थी और संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय विकास के प्रति अपने उत्साह और विकासशील भारत 2047 की परिवर्तनकारी दृष्टि को प्रदर्शित करते हुए इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि इसके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि कोई देश अपने लोगों के विकास से ही विकसित होता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए माननीय प्रधानमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विकसित भारत@2047 के विजन और इस दिशा में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कि भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में हमारे युवाओं की भूमिका सुनिश्चित होनी चाहिए। सभी शिक्षण संस्थानों को भी इसमें अपनी महती भूमिका निभानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जब देश का युवा देश के बारे में सोचेगा तभी सशक्त समाज का निर्माण हो सकता है। यह आयोजन युवा जुड़ाव और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। जी.एम.एन. महाविद्यालय से बड़ी संख्या में विद्यार्थी और संकाय सदस्यों ने इसमें भाग लिया। इस दौरान छात्र विचारोत्तेजक चचाओं और इंटरैक्टिव सत्रों में शामिल रहे जो भारत की प्रगति में योगदान देने की उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माननीय प्रधानमंत्री का प्रेरक संबोधन रहा। उन्होंने राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और उन्हें विकसित भारत@2047 पहल में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विकसित और समृद्ध भारत के लिए माननीय प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण विद्यार्थियों को पसंद आया और उन्हें सकारात्मक बदलाव का वाहक बनने के लिए प्रेरित किया। इस उद्बोधन से विद्यार्थियों में देश की वृद्धि और विकास में योगदान देने के प्रति जिम्मेदारी की गहरी भावना अभिव्यक्त हुई।

इस आयोजन ने निस्संदेह छात्रों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा, जिससे वर्ष 2047 तक एक विकसित और प्रगतिशील भारत की प्राप्ति में सार्थक योगदान देने की उनकी आकांक्षाओं को बढ़ावा मिला। इस कार्यक्रम का मूलभूत हिस्सा उपस्थित विद्यार्थियों को विकसित भारत के प्रति शपथ दिलाना था जो देश के विकास के लिए उनके समर्पण को प्रतिष्ठित करता है।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत की जनता में बुखार का प्रकोप

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**मौसम का** लगातार बदल रहा मिजाज लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। छोटे से लेकर बड़े तक बुखार, जुकाम व खांसी की चपेट में आ रहे हैं। सुबह शाम की ठंड शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। वहीं पानीपत के सिविल अस्पताल में बुखार के रोगियों की ओपीडी 350 पार हो चुकी है। जिला पानीपत के लगभग 150 सरकारी, निजी व अन्य छोटे क्लीनिक में बुखार की ओपीडी 10 हजार से अधिक हो चुकी है। टायफाइड भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। डेंगू के संदिग्ध रोगियों की जांच का आंकड़ा लगभग 820 पहुंच चुका है। सिविल अस्पताल की लैब में प्रतिदिन 194 सैंपल की जांच हो रही है। सिविल अस्पताल की ओपीडी अब 1300 पार पहुंच चुकी है। 20 सितंबर से पहले ओपीडी 800-900 के बीच रहती थी। डॉक्टर सुबह शाम की ठंड से बचने के लिए परामर्श दे रहे हैं। वहीं इस साल जिले में डेंगू का कहर भी है। इस साल अब तक डेंगू के लगातार मरीज मिल रहे हैं। पांच साल तक के 19 बच्चे भी डेंगू की चपेट में आ चुके हैं। बाहरी कॉलोनियों व ग्रामीण परिवेश में लोग डेंगू का शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की 100 टीमें फील्ड में एंटी लार्वा एक्टिविटी चला रही हैं। सिविल अस्पताल व अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू के मरीजों के लिए 64 बेड आरक्षित किए गए हैं। सिविल अस्पताल में अब की जांच भी दोगुना हो चुकी है। हर रोज लगभग 50 मरीजों को डेंगू व मलेरिया जांच का परामर्श दिया जा रहा है। मौसम में बदलाव से वायरल बुखार शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। सबसे अधिक बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं। नागरिक अस्पताल में बाल रोग संबंधी ओपीडी 200 पार हो चुकी है। बच्चे खांसी, बुखार व छाती में दर्द से पीड़ित हो रहे हैं। नागरिक अस्पताल में तीन बाल रोग विशेषज्ञ ओपीडी कर रहे हैं। सिविल अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. जितेंद्र त्यागी ने बताया कि उनके पास रोजाना ओपीडी में 350-400 मरीज आ रहे हैं। इसमें वायरल बुखार व सर्दी, जुकाम के ही 200.-250 मरीज रोजाना मिल रहे हैं। वायरल-टायफाइड में मरीजों की प्लेटलेट्स घट रही है। बदलता मौसम लोगों की सेहत बिगाड़ रहा है। हम मरीजों की डेंगू व मलेरिया की भी जांच लिख रहे हैं। सर्दी, जुकाम और बुखार होने पर घबराएं नहीं। एहतियात के तौर पर डेंगू-मलेरिया की जांच कराएं। लापरवाही न बरतें, दवा का सेवन करें। टाइफाइड का मुख्य कारण दूषित खानपान है। दूषित जल सेवन करने से टायफाइड बुखार होता है। रक्त की जांच अवश्य कराएं। बुखार होने पर अनुभवी चिकित्सक से परामर्श लें।

### विधायक महिपाल के प्रयासों से मिला ट्यूबवेल अब वृंदा एनक्लेव के लोगों को नहीं होगी पानी की कमी: अशोक डोयोलिया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**विधायक महिपाल** ढांढा के प्रयासों से मिला ट्यूबल अब वृंदा एनक्लेव के लोगों को नहीं होगी पानी की कमी यह बात अशोक डोयोलिया आरडब्ल्यूए प्रधान वृंदा एंक्लेव ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहीं उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की बहुत बड़ी समस्या से जूझना पड़ता था जब हमने इस बारे में विधायक महिपाल ढांढा को अवगत करवाया तो उन्होंने हमारी समस्या को गंभीरता से सुनते हुए इसका समाधान किया '

उन्होंने बताया कि आज इसका मुहूर्त स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में करवाया और अब ट्यूबवेल लगने का कार्य शुरू हो गया है जिससे अब सेक्टर वासियों को पीने के पानी की कोई समस्या नहीं रहेगी इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा, श्री भगवान गोयल ,तिलक खट्टर ,अजय बंसल ,नवीन दुआ , सत्य प्रकाश गिरधर ,डॉक्टर नीरज , सागर , गौरव परेजा ,रामनिवास गर्ग, राजकुमार गर्ग , गोविंद आदि उपस्थित थे '

# गाँव निम्बरी से 21 मेम्बरी कमेटी का शपथ, सम्मान समारोह और परिचय पत्र वितरण



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गांव मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया जाना है।

आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गांव निम्बरी मे सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय ( आइडेंटी कार्ड )पत्र दिये। सुखबीर मलिक ने बताया अपने गांव में इन 21 मेंबर कमेटी का काम डोर टू डोर जाकर हर बूथ को मजबूत करना होगा। एवं पार्टी की नीतियां को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार आने में मदद मिलेगी। सुखवीर मलिक ने गांव निम्बरी में नव नियुक्त ग्राम सचिव और कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए । जिनको सम्मान मिला वह है निम्बरी गांव सचिव केसर सिंह के साथ सुरजीत रमेश कुमार, जय कुवार , जगदीश ,राजपाल, अजय मलिक ,महावीर सिंह ,जहांगीर मलिक , कृष्ण मालिक, धर्मपाल मलिक,पवन कश्यप,सुरेश मलिक,
सोनू,सोनू कुमार ,मिता सिंह ,तीरथ नरवाल ,सतबीर मलिक ,मोहित ,यश तूर ,पवन कुमार ,रामपुर ,बिट्टू अन्य मेम्बर मौजूद रहे।
इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य सुखबीर मलिक , राजकुमार मुंडे, होशियार सिंह,संदीप व मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा लक्ष्य निर्धारित कर करती है काम: झरोठी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा नेता** व पूर्व चैयरमैन अनिल झरोठी ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई तभी से पार्टी अपने लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ रही है, पार्टी ने अपना नफा नुकसान ना देखते हुए हमेशा देशहित की सोच को आगे रख कर काम किया है, झरोठी ने कहा की जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तभी से लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किए हैं,जिसमे राम मंदिर निर्माण, जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक व नागरिक ससोधन कानून लागू करने का काम किया है भाजपा नेता पूर्व चैयरमैन अनिल झरोठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा सब का साथ सबका विकास के लक्षय को लेकर आगे बढ़ रही है, पार्टी ने हमेशा परिवार वाद से दूरी बनाते हुए नई पीढी के नये कार्यकताओ को अहम जिम्मेदारी देकर अपने मिशन को आगे बढाया है भारतीय जनता पार्टी ने छतीसगढ़ में विष्णु राय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव व राज्यस्थान में भजनलाल को मुख्यमंत्री बना कर अपने छोटे से कार्यकरताओ को खुशहाली के साथ साथ यह भी अहसास कराने का काम किया कि केवल भारतीय जनता पार्टी मे ही छोटे से छोटे कार्यकरता ही कभी भी कुछ भी बन सकता है।

# जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त कस्सी बरामद



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**थाना मतलौडा** प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना मतलौडा की उरलाना चौकी में गांव कुराना निवासी धर्मसिंह पुत्र कर्मसिंह ने शिकायत देकर बताया था कि 15 नवम्बर को दोपहर करीब 1:20 बजे वह भाई जसबीर के साथ बाइक से खेत में गया था। खेत में सुरेंद्र पुत्र इश्वर सिंह अपनी पत्नी सुषमा के साथ कस्सी व दराती लेकर खड़ा मिला। जहा पर भाई जसबीर की उन दोनों के साथ पानी को लेकर कहासुनी हो गई। वह बीच बचाव करने लगा तो सुषमा ने जसबीर का गला पकड़ लिया और सुरेंद्र ने जसबीर के सिर पर कस्सी से प्रहार कर दिया। जसबीर बेहाश होकर जमीन पर गिर गया। वह भाई जसबीर को संभालने लगा तभी दोनों ने उसको पकड़ लिया और गाली गलौच करते हुए उसके उपर भी कस्सी के वार करने लगे। उसने कस्सी को पकड़ लिया। कुछ देर बाद उसने छुट कर भाई कृष्ण को फोन किया। कृष्ण वहा पर पहुचा तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। वह दोनों भाई जसबीर को पानीपत सिविल अस्पताल लेकर गए। जहा से डॉक्टर ने जसबीर की गंम्भीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया। धर्मसिंह की शिकायत पर थाना मतलौडा में नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

## नशा तस्कर की निशानदेही पर नशा सप्लायर गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सीआईए** वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम बीते शुक्रवार को मिली गुप्त सूचना पर गांव महमूदपुर निवासी नशा तस्कर आरोपी बलजिंद्र को गांव में घर से काबू किया था। ड्यूटी मेजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आरोपी के घर की तलाशी लेने पर कमरे में बनी अलमारी से 724 ग्राम अफीम बरामद हुई थी। पूछताछ में आरोपी बलजिंद्र ने पुलिस को बताया था कि वह नशा करने का आदी है। अपनी नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए वह करीब 10 दिन पहले राजू निवासी अंजली बरेली यूपी से 1 किलो अफीम 1.20 लाख रूपए में खरीदकर लाया था।

# कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों को पूरा करवाने को लेकर कार्यकारी अभियंता के साथ की बैठक



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 कैम्प कार्यालय करनाल मुख्यालय चरखी दादरी की शाखा पब्लिक हेल्थ सोनीपत का संस्था शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में कार्यकारी अभियंता जितेन्द्र सिंह हुड्डा जी के साथ कार्यकारी अभियंता डिवीजन नंबर दो कार्यालय में दोपहर 01 बजे से 02 बजे के बीच बैठक हुई। मीटिंग वार्ता में संस्था शिष्टमंडल ने कर्मचारीयों की लंबित पड़ी मांगों के समाधान को लेकर बातचीत की। बैठक में संस्था शिष्टमंडल द्वारा कर्मचारियों के पेंडिंग पड़े कामों को पूरा कराने को लेकर आज कार्यकारी अभियंता के साथ बैठक की। कार्यकारी अभियंता जितेन्द्र सिंह हुड्डा जी द्वारा संगठन को विश्वास दिलाया गया कि सभी लंबित पड़े कामों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा जितना जल्दी हो सकेगा सभी कामों को जल्द से जल्द पूरा करवा दिया जाएगा। कर्मचारियों की मुख्यतः मांगे बकाया साबुन तेल जूते डांगरी रेन कोट सेफ्टी किट मेडिकल बिलों जलघरों की रिपेयर आदि मांगों को लेकर बातचीत हुई। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने कहा कि अगर जल्द ही मांगों का समाधान नहीं करवाया गया तो मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कार्यकारी अभियंता कार्यालय की होगी। आज की मीटिंग में सर्वश्री जिला प्रधान विष्णु दत्त भारद्वाज ब्रांच चैयरमेन धूप सिंह लाकड़ा ब्रांच कोषाध्यक्ष सुरेश नैयर ब्रांच सह सचिव देवेंद्र कुमार वरिष्ठ उपप्रधान दलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# 'गरीब कल्याण के सपने को साकार करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध'



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला** परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने गांव रसलापुर व जालपाड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के दौरान उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से 2047 तक भारत देश विकासशील देश से विकसित देशों की श्रेणी में होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जजबे को दूसरे देश भी मानते हैं। हम सब संकल्प करें कि 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करें और इसमें अपना भरपूर सहयोग दें।
उन्होंने कहा कि यह पहली बार हो रहा है जब इस तरह प्रशासन के सभी अधिकारी गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और याजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दे रहे हैं। जिस पैंशन के लिए लोग दफ्द्तरों के चक्कर लगाते थे आज वह पैंशन अधिकारी गांव में आकर बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण के सपने को साकार करने के लिए केन्द्र व प्रदेश की सरकार संकल्पबद्ध है। इसी संकल्प के उद्देश्य से ही यह यात्रा प्रत्येक गांव में पंहुच रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपील की कि उनके पास जो भी गांववासी अपनी समस्या लेकर आए उन्हें अच्छी तरह से समझाएं और सम्बंधित योजना की जानकारी दें।
जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने कहा कि सरकार ने आम आदमी के लिए ठोस योजनाएं बनाई हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में ऐसा व्यवस्था परिवर्तन हुआ है कि 650 योजनाओं का लाभ लोग घर बैठे ऑनलाईन उठा सकते हैं। इन योजनाओं के लिए अलग-अलग पोर्टल बनाए गए हैं। आज महिलाएं स्वयं सहायता समूह बनाकर ऋण और सब्सिडी की सुविधा प्राप्त कर सकती हैं। आज हर घर में नल से पानी पंहुचाने का काम किया जा रहा है। ज्योति शर्मा ने कहा कि उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क गैस क्नैक्शन दिए जा रहे हैं जोकि सरकार कि नीतियों का परिणाम है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने योजनाओं के लाभ के बारे में भी बताया और जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का निरीक्षण भी किया और उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क गैस क्नैक्शन भी वितरित किए।

# कार्यक्रम की शुरूआत अधिकारियों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाने के साथ हुई



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**कार्यक्रम की** शुरूआत एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी द्वारा सभी मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन तथा कर्मचारी यूनियन के पधाधिकारीगण, सीआईएसएफ कमांडेंट और उनकी टीम की उपस्थिति में सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाने के साथ हुई।
इससे पहले, डहरिया को सीआईएसएफ अधिकारियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष का संदेश श्री मुकुल अग्रवाल, मुख्य-महाप्रबंधक, द्वारा पढ़ा गया और निदेशक का संदेश तरुण कुमार बिसई, मुख्य-महाप्रबंधक, द्वारा पढ़ा गया, जबकि निदेशक का संदेश हितेश आर. शाह, मुख्य-महाप्रबंधक द्वारा पढ़ा गया। इसके बाद डहरिया और मुख्य-महाप्रबंधकगण द्वारा सुरक्षा मुद्दों के बारे में जागरूकता और सुरक्षा सप्ताह के विषय "सुरक्षा काआश्वासन" पर 12 पोस्टर्स का अनावरण किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए डहरिया ने 13 दिसंबर 2001 को अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने आग्रह किया कि हमें कॉर्पोरेट की संपत्ति और इसके लोगों की सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं करना चाहिए, इसलिए हम सभी की इसकी सुरक्षा के लिए हर पल सतर्क रहना होगा। पीआरपीसी देश की महत्वपूर्ण एवं बहुमूल्य संपत्ति है अतः हम इसकी सुरक्षा को और भी मजबूत करेंगे ।
श्री डहरिया ने कंप्यूटर सिस्टम पर संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए उचित और बेहतर तरीकों के उपयोग पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसमें पासवर्ड नीति, मैलवेयर, फि शिंग आदि शामिल हैं। उन्होंने जोरदार ढंग से उल्लेख किया कि हम पीआरपीसी की सुरक्षा लगातार मजबूत कर रहे हैं।

# भैंसवाल से 21 मेम्बरी कमेटी का शपथ सम्मान समारोह सम्पन्न

**पानीपत/ कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया जाना है।

आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गावँ भैंसवाल मे सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय पत्र दिये। सुखबीर मलिक ने बताया अपने गांव में इन 21 मेंबर कमेटी का काम डोर टू डोर जाकर हर बूथ को मजबूत करना होगा। एवं पार्टी की नीतियां को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार आने में मदद मिलेगी।
मलिक ने गांव मे भैंसवाल नव नियुक्त ग्राम सचिव और कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए । जिनको सम्मान मिला वह है भैंसवाल गांव सचिव के साथ देवेंदर , मणिपाल, मदनलाल, गुरमीत ,इस्लाम, कुलदीप, सतबीर, विनोद, रिजवान ,सुमित ,शुभम ,कृष्णा, परवीन,व अन्य मेम्बर मौजूद रहे।
इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य सुखबीर मलिक , राजकुमार मुंडे, देवेंन सलूजा ,राजेंद्र राठी, होशियार सिंह, , संदीप, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे '

# पुलिस बनेगी मॉर्डन, स्टाफ के लिए जिम का प्रावधान: विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा पुलिस को मॉर्डन पुलिस बनाना चाहते हैं और इस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कार्यस्थल पर उन्हें बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए अब हरियाणा में जितने भी नए पुलिस भवन बनेंगे उनमें स्टाफ के लिए जिम का प्रावधान तथा सेंट्रल एयर कूल सिस्टम होगा। विज अम्बाला छावनी में 4.62 करोड़ रुपए की लागत से महेशनगर थाने के नए भवन का शिलान्यास रखने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है उसी संकल्प के तहत 2047 में हमारी पुलिस कैसी होनी चाहिए, इसकी तैयारी हमें आज से ही करनी होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग की तर्ज पर हरियाणा पुलिस के भवन जैसे चौकी, थाने या अन्य हैं,



उनकी मैपिंग की जाएगी। जनसंख्या के मुताबिक कहां चौकी होनी चाहिए, थाना होना चाहिए, ऐसी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा जब हम पुलिस को बेहतर वातावरण एवं आधुनिक सुविधाएं देंगे तो उसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आएंगे और जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा महेशनगर थाना बने कई वर्ष हो गए हैं। अब दो एकड़ में अम्बाला-जगाधरी रोड पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त महेशनगर थाना बनाया जाएगा जिसका पुलिस के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। इससे पहले भी सुभाष पार्क के पास हाउसिंग बोर्ड चौकी, बीसी बाजार में बीसी बाजार चौकी का निर्माण भी चल रहा है। अब बहुत जल्द ही पड़ाव थाना जीटी रोड पर हारट्रोन बिल्डिंग के नजदीक बनाया जाएगी। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि महेशनगर व सदर थाना क्षेत्र का एरिया काफी बड़ा है। इसको ध्यान में रखते हुए महेशनगर थाना-वन व महेशनगर थाना-टू होगा और उसी प्रकार सदर क्षेत्र के तहत सदर थाना-वन व सदर बाजार थाना-टू होगा। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। यह व्यवस्था इसलिए बनाई गई है ताकि लोगों को अपने कार्यों के लिए सुगमता हो और पुलिस अपने कार्य को सुगमता से करते हुए कानून व्यवस्था और बेहतर बना सके। यह व्यवस्था पूरे हरियाणा के लिए की जा रही है जिसमें नए थानों के साथ-साथ चौकियों का नवीनीकरण शामिल है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा महेशनगर थाने का निर्माण किया जाएगा और डेढ़ वर्ष में यह थाना बनकर तैयार होगा। तीन मंजिला थाने में 25 रूम होंगे जिनमें एसएचओ रूम, मुंशी रूम, महिला व बच्चों के लिए अलग से रूम, कैंटीन, मैस, साईबर रूम के साथ-साथ सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां पार्किंग एवं अन्य सुविधाएं होंगी। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि काम अपने आप बोलते हैं और वह अपने शहर को उठाने एवं विकसित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा जो विभाग उनके पास हैं या पहले थे उनका छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को फायदा मिला है। गृहमंत्री के नाते थाने व चौकियों का नवीनीकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की बात करें तो उत्तर भारत का बेहतरीन सिविल अस्पताल, कैंसर केयर सैंटर व अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई है। खेल विभाग के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर का फीफा से अप्रूव्ड फुटबाल खेल स्टेडियम, ऑल वेदर स्वीमिंग पूल, जिम्नास्टिक हाल, शहरी स्थानीय विभाग के तहत सुभाष पार्क का निर्माण करवाना, मल्टी लेवल कार पार्किंग, शहर में स्थित डेयरियों को बाहर स्थापित करने के लिए बेहतरीन डेयरी कॉम्पलैक्स, जनसुई हैड से कलरेहड़ी तक नहरी पानी की सुविधा व अन्य सुविधाएं, योगशालाएं, तकनीकी विभाग के तहत साइंस म्यूजियम व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इसके साथ-साथ अनेकों ऐसे कार्य है जिसमें शहीदी स्मारक, नग्गल में एनसीडीसी लैब के साथ-साथ अन्य कार्य शामिल हैं।

# फरीदाबाद: तत्कालेश्वर शिव मंदिर संस्था का चुनाव संपन्न, महेश बजाज बने प्रधान

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद/ (हरपाल सिंह यादव)**
एनआईटी-पांच मंदिर सनातन धर्म सभा तत्कालेश्वर शिव मंदिर संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव सफलतापूर्ण संपन्न हुआ। जिसमें महेश बजाज को प्रधान और सुनील महाजन को उपप्रधान पद के लिए चुना गया। संजय शर्मा को महासचिव और प्रवेश तलवार को सचिव का पद मिला। ओमप्रकाश बजाज कोषाध्यक्ष बने हैं। विनोद भाटिया अकाउंटेंट और रवि बजाज स्टोर कीपर बनाए गए। मीना रामपाल को प्रचारक सचिव पद के लिए चुना गया। अमित आहूजा, केवलकृष्ण सचदेवा,राकेश भाटिया,साहिल तनेजा,राकेश मेहरा, रीटा रामपाल, राजेंद्र गांधी और विनोद शर्मा को



एक्जीक्यूटिव सदस्य के लिए चुना गया। प्रधान महेश बजाज ने बताया कि संस्था के चुनाव के लिये सरकार की तरफ से एडमिनिस्ट्रेटर व रिटरनिंग ऑफिसर रिटायर्ड कमांडर सत्यवीर सिंह जी को नियुक्त किया गया था जोकि पिछले 3 महीने से संस्था के साथ चुनावी प्राकिया को संचालित कर रहे थे, हमारी संस्था रिटायर्ड कमांडर सत्यवीर सिंह जी के प्रयासो का सम्मान करती है जिन्होंने ये सेवाएं संस्था को निःशुल्क प्रदान की है व इन्होने ये चुनावी प्रकिया सर्व सम्मति से सम्पूर्ण कराई। महेश बजाज ने कहा कि पूरी टीम ईमानदारी और निष्ठा से काम करेगी और मंदिर के उद्धार के लिए दिन रात काम करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### घर से लापता 34 वर्षीय महिला को क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने 3 वर्षीय लडकी सहित किया बरामद

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा सरकार के आदेश अनुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से लापता महिला को उसकी लडकी सहित बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा महिला 30 नवम्बर को अपने घर से बिना बताए निकल गई थी। जिसकी परिजनों के द्वारा काफी तलाश की लेकिन महिला के नही मिलने पर महिला के संबंध में पुलिस चौकी सीकरी में सूचना दी जिसपर थाना सेक्टर-58 में मामला दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही थी। गुमशुदा महिला के मामले में क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा भी कार्रवाई की जा रही थी। क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से महिला का लक्कड़पुर का पता लगाया जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए कैट की टीम ने महिला को लडकी सहित बरामद कर लिया है। महिला से परिजनों के सामने पूछताछ की गई तो महिला ने बताया कि उसका, उसके पति के साथ झगडा होता है जिसके कारण वह घर से बिना बताए निकल गई थी। अब वह अपनी मर्जी से रहना चहाती है। जिसके बाद महिला अपनी लडकी के साथ अपनी सहेली के साथ चली गई। पूछताछ के बाद पुलिस टीम के द्वारा महिला व उसके परिजनों को फारिक किया गया।

### ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन ने बल्लभगढ़ शहर और एनआईटी 5 नंबर में विशेष कार्रवाई कर सड़क से हटावाया अतिक्रमण

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार की अगुवाई में यातायात पुलिस ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर एनआईटी 5 नंबर व बल्लभगढ़ शहर की मार्केट में अतिक्रमण करने या रेहडी लगाकर सड़क पर जाम लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया गया। बल्लभगढ़ शहर में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नगर निगम एसडीओ विनोद कुमार को नियुक्त किया गया जिनकी देखरेख में बल्लबगढ़ जोन के टीई इंस्पेक्टर महावीर व एनआईटी -5 नम्बर एरिया में जेई प्रवीन कुमार बैसला व एसडीओ राजेश शर्मा व ट्रैफिक इंस्पेक्टर विनोद कुमार, इंस्पेक्टर दर्पण कुमार व पुलिस टीम व एमसीएफ टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके लिए उपायुक्त द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई को पूरा किया। बल्लभगढ़ क्षेत्र की खट्टर मार्केट, अंबेडकर चौक तथा मैन बजार बल्लभगढ़, अग्रसेन चौक , अग्रवाल कॉलेज रोड तथा बल्लभगढ़ बस स्टैंड शामिल है तथा एनआईटी जोन में 5 नम्बर मार्किट से अतिक्रमण हटवाया गया है। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सामान लगाकर या सड़कों पर रेहडी लगवाकर अतिक्रमण किया जाता है। दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने या सड़क की जगह पर सामान रखने से सड़क का रास्ता संकरा हो जाता है जिसकी वजह से वहां पर वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। सड़क संकरी हो जाने की वजह से वाहन धीरे धीरे चलते हैं और उनके पीछे आने वाले वाहन रुक जाते हैं इसकी वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यात्रियों को इसकी वजह से बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए आज प्रशासन द्वारा सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि दुकानदार सड़क पर सामान लगाकर अतिक्रमण न करें या जहां से अतिक्रमण हटा दिया गया है वहां पर दोबारा से समान न लगाएं अन्यथा उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी शहर मे यातायात सचारु रुप से चलता रहे और शहर मे जाम न लगे सभी थानो प्रबनधक को भी शहर मे अतिक्रमण करने वालो पर नजर रखने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

### प्रमोद कुमार मावी चुने गये विपुल प्लाजा एसोशिएशन सेक्टर 81 फीदाबाद के निर्विरोध प्रधान

**फरीदाबाद।** विपुल प्लाजा ऑफिस/शॉप्स ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-81 फीदाबाद का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें प्रमोद कुमार मावी को निर्विरोध प्रधान चुना गया उनके साथ ही उपप्रधान पर विजय राजपूत, जरनल सेक्रेटरी पर गोपाल सेंगर, ट्रेजरार पर दीपक कुमार, जॉइंट सेक्रेटरी पर क्रिशन जाट को निर्विरोध चुना गया। इस कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में कीब 500 यूनिट है जिनको मिलाकर यह एसोसिएशन बनी है।

## क्लस्टर स्तर के कला उत्सव का आयोजन

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा गुरुग्राम में क्लस्टर स्तर पर कला उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल श्री सुशील कुमार कण्व ने विद्यार्थियों को बताया कि कला मनुष्य को ईश्वर का दिया हुआ सबसे उत्तम उपहार है।,
जिनमे प्रथम स्थान प्राप्त होने वाले विद्यार्थी इस प्रकार थे। शास्त्रीय संगीत में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा गुरुग्राम स्कूल से जिया , राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़गांव गाँव से ज्योति ने लोक गीत में ,विजुअल आट्र्स में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा से पूनम, और नाटक में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जैकबपुरा से शालू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

# 2047 तक देशवासियों के सहयोग से भारत बनेगा आत्मनिर्भर: जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को साकार करने की दिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद निर्णायक सिद्ध हो रही है। भारत देश विकास के मार्ग पर चल पड़ा है और हम सब मिलकर 2047 तक प्रत्येक देशवासी के सहयोग से भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाएंगे उसके लिए सभी को स्वदेशी, स्वावलंबी आत्मनिर्भर बनना होगा। पूर्व मंत्री कविता जैन ने जाजी में बतौर मुख्य अतिथि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद का स्वागत करते हुए



उपस्थित लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि अंतिम व वंचित व्यक्ति आत्मनिर्भर और विकसित भारत का आधार है। इस महत्वपूर्ण कड़ी को मजबूत करते हुए सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की जनता के लिए केन्द्र सरकार द्वारा उज्ज्वला गैस कनेक्शन, सुकन्या समृद्धि योजना, जनधन खाता, आयुष्मान भारत, किसान फसल बीमा योजना सहित अनेक योजनाएं समाज के अंतिम व वंचित पात्र व्यक्ति तक सीधे पहुंच रही है। अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा सरकार की योजनाओं का लाभ-राजीव जैन

विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव गढ़ी हक्कीकत पहुंचने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने ग्रामीणों के साथ यात्रा का स्वागत किया। पूर्व मीडिया सलाहकार ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा है। इसमें परिवार पहचान पत्र सबसे सशक्त माध्यम साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल अंत्योदय परिवारों को चिन्हित कर उन्हें विकास योजनाओं से जोड़ा गया है बल्कि उन्हें इन योजनाओं का लाभ भी समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 तक देश को आत्मनिर्भर व विकसित राष्टद्ध बनाने के स्वप्न को साकार करेगी। सभी ने मिलकर लिया आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्पः-
पूर्व मंत्री ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई कि हमारा संकल्प विकसित भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे।

# किसानों को खेती में ड्रोन तकनीक अपनाने के लिए किया जा रहा है प्रेरित: बिजेंदर नेहरा

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद/(हरिओम गुप्ता)**
विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाकर युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित किया जा रहा है। भारत व हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन - जन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई इस पहल ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अब एक अभिनव मोड़ ले लिया है। एक ओर जहां यात्रा के दौरान लोगों को देश के विकास के साथ जोडकर आगे बढ? का संदेश दिया जा रहा है तो वही दूसरी ओर कृषि से सम्बंधित गतिविधियों में ड्रोन के इस्तेमाल से देश के अन्नदाता को नई तकनीक के इस्तेमाल के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।
विकसित भारत संकल्प यात्रा के बुधवार को फरीदाबाद जिला के गांव समयपुर तथा कबूलपुर बांगर में पहुँचने पर जिला फरीदाबाद से यात्रा के कोऑर्डिनेटर बिजेंदर नेहरा व ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया तथा लोगों को संबोधित किया। कोऑर्डिनेटर बिजेंदर नेहरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व हरियाणा सरकार की मनोहर सरकार किसी भी भेदभाव के बिना सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास वाले सिद्धांत पर कार्य करते हुए देश को खुशहाली के रास्ते पर ले जाकर विश्व स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार का आर्थिक उत्थान करना है।
उन्होंने दोहराया कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने 9 वर्ष में जितने भी विकास कार्य किए हैं उन योजनाओं का लाभ लोगों को इस यात्रा के माध्यम से घर पर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम से गांव-गांव आमजन को जहां योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## एडीसी ने प्रस्तावित कलेक्टर रेट 2024 के लिए सुझाव या आपत्ति दर्ज कराएं

**फरीदाबाद।** एडीसी आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में जिला फरीदाबाद के प्रस्तावित कलेक्टर रेट के दावे और आपत्ति दर्ज किए गए। बता दें कि 01.01.2024 से 31.12.2024 तक जिला फरीदाबाद की वैबसाइट ऋ्रु्रु.ल्लि्र.ल्ल पर आम जनता से सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु अपलोड कर दिये गये थे। जिनके लिए किसी व्यक्ति को प्रस्तावित कलेक्टर रेत के संबंध में अपनी आपत्ति या सुझाव दर्ज कराने के लिए 25.11.2023 से 07 12.2023 तक सेक्टर-12 में लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में लिखित या ई-मेल के माध्यम से अपनी आपत्ति या सुझाव दर्ज करा सकता था।

# डीसी ने गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर की बैठक



**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद/(हरिओम गुप्ता)**
डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 22 व 23 दिसंबर को कनेडा, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया सहित विश्व स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तर्ज पर जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा। डीसी दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों संग बैठक कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे बड़े धार्मिक ग्रंथ गीता का संदेश हरियाणा की मिट्टी से ही जुडा हुआ है क्योंकि यह ग्रंथ हरियाणा से ही निकला है। ऐसे में जिला का प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में गीता के संदेश को धारण करें और नई पीढ़ी तक हम इन विचारों को पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि दो दिन के इस महोत्सव के दौरान विभाग, सामाजिक व धार्मिक संगठन अपनी-अपनी भागीदारी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए करेंगे। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव का 22 दिसम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा। जहां लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा गीता जयंती महोत्सव में अपनी-अपनी बेहतर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। वहीं दूसरे दिन श्रीमद्भगवद्गीता पर सेमिनार के आयोजन के दौरान वक्ता गीता पर अपने-अपने विचार रखेंगे। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन औद्योगिक नगरी में दोपहर को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा सेक्टर -17 से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 पहुंचेगी। इसके साथ सांस्कृतिक संध्या के समापन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, सेमिनार व शोभा यात्रा का शहर के विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में अधिक से अधिक सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।
जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 में होगा भव्य आयोजन किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आगामी जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 2023 के लिए हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनार, झांकियों सहित तमाम तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# जनता की सेवा करना ही मेरा लक्ष्य: संदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग का दिन-प्रतिदिन लाडवा हल्के में कद बढ़ रहा है। आए दिन लाडवा हल्के के दर्जनों ग्रामीण समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ उनके द्वारा किये जा रहे सामाजिक व जनहित के कार्यो को लेकर जुड़ रहे हैं। उसी कड़ी में लाडवा के गांव बड़शामी के दर्जनों लोगों ने समाजसेवी संदीप गर्ग को समर्थन देने का ऐलान किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि यह लाडवा हल्के की जनता का प्यार है, जो दिन-प्रतिदिन उनके सर पर हल्के की जनता आशीर्वाद के रूप में हाथ रख रही है। उन्होंने कहा कि



उनका मकसद राजनीति में आकर लाडवा हल्के की जनता की सेवा करना है। क्योंकि सेवा से ही मनुष्य को शांति मिलती है और वह इस शांति के लिए लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी भी सरकार में कोई कमी नहीं होती। कमी सिर्फ उन लोगों में होती है, जिन्हें हल्के की जनता अपना प्रतिनिधि, हमदर्द बनाकर विधानसभा व लोकसभा में तो भेज देती है। परंतु भेजने के बाद वह प्रतिनिधि हल्के की जनता की ओर देखता तक नहीं और न ही उनकी समस्याओं की ओर ध्यान देते हैं। हर प्रतिनिधि सिर्फ वोट लेने की राजनीति कर विधानसभा व लोकसभा तक जाने का काम करते हैं। उसके बाद सिर्फ अपना विकास के बारे में सोचते हैं न कि अपने हल्के की जनता के बारे में सोचते है। वहीं गांव के पंच सौरभ व जयभगवान नम्बरदार ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा करवाए जा रहे जनहित के कार्यो को पिछले काफी समय से देख रहे हैं, हल्के में इतने विकास कार्य व जरूरतमंद लोगों की जरूरत को पूरा किया जा रहा है। जो कि आज तक हल्के के किसी भी बड़े या छोटे नेता ने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में यदि समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा हल्के से चुनाव लड़ते हैं तो उनकी जीत सुनिश्चित है।

# जैविक नाम से किसानों को किया जा रहा है भ्रमित :आचार्य

**टीम एक्शन इण्डिया/दलबीर मलिक कुरुक्षेत्र, दिसंबर 13**
जैविक शब्द से आजकल लोगों को भ्रमित किया जा रहा है चाहे वो जैविक खेती हो या जैविक उत्पाद। अधिकांश लोग जैविक खेती को ही प्राकृतिक खेती समझ रहे हैं जबकि जैविक खेती तो रासायनिक खेती से भी महंगी तथा नुकसानदायक है। उक्त शब्द आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्राकृतिक कृषि फार्म का दौरा करने आए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में चल रहे ह्यसंस्कार धामह्ल गुजरात के वरिष्ठ अधिकारियों को प्राकृतिक और जैविक खेती में अन्तर समझाते हुए राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी ने कहे। वहीं, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय



के सचिव मनोज आहूजा ने भी मंत्रालय के अधिकारियों के साथ गुरुकुल फार्म का दौरा किया और प्राकृतिक कृषि के विस्तार को लेकर राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी से विस्तृत चर्चा की। आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि उन्हें रासायनिक और जैविक दोनों प्रकार की खेती का अनुभव है, ये दोनों ही खेती किसानों के लिए मददगार नहीं है। रासायनिक खेती ने जहां भूमि को बंजर बनाने का काम किया है वहीं जैविक खाद, जैविक दवाइयां और जैविक उत्पादों के नाम पर आज भी किसान का शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में एक देशी गाय से 30 एकड़ की खेती की जाती है और खेत में डालने हेतु जीवामृत केवल 5 दिनों में तैयार हो जाता है। इसके लिए किसान को बाजार से कुछ भी खरीदने की जरूरत नहीं है, वहीं पानी की 50 प्रतिशत तक बचत होती है, खेत की जुताई और खरपतवार नियंत्रण पर अतिरिक्त खर्च नहीं होता। सबसे अहम बात प्राकृतिक खेती से देशी गाय और प्रकृति के संरक्षण के साथ-साथ मानव को शुद्ध और पौष्टिक आहार उपलब्ध होता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का आग्रह किया। वहीं कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव मनोज आहूजा ने अधिकारियों को किसानों के खेतों में जाकर प्राकृतिक खेती के प्रसार-प्रसार को तीव्र गति प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों ने प्राकृतिक खेती के मॉडल तैयार किये जाएं, साथ ही गांव-गांव में किसानों को प्राकृतिक खेती की ट्रेनिंग देकर उन्हें मास्टर ट्रेनर बनाया जाए ताकि वे दूसरे किसानों को प्राकृतिक खेती की ट्रेनिंग दे सकें। उन्होंने कहा कि वास्तव में गुरुकुल के फार्म को देखकर प्राकृतिक खेती के साक्षात दर्शन होते हैं, यहां आकर ऐसा अनुभव होता है मानो हम एक अलग ही दुनिया में आ गये हैं जो केमिकल, पेस्टीसाइड से पूरी तरह से मुक्ति है। गुरुकुल फार्म पर उन्होंने गन्ने से बने गरमा-गरम प्राकृतिक गुड़ का भी स्वाद चखा।

# बिना नंबर प्लेट ऑटो चालकों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद/(हरिओम गुप्ता)**
डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्पेशल अभियान के अन्तर्गत ऑटो चालकों द्वारा ऑटो में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने एवं वक्ध नहीं लगवाने वाले ऑटो के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत कुल 259 ऑटो चालको के चालान काटकर जुमार्ना लगाया है। डीसीपी ट्रैफिक द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी ऑटो चालकों को यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर प्लेट लगवाने हेतु निर्देश दिये गये थे। यातायात नियमों व निदेर्शों की पालना नहीं करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ यह अभियान चलाया गया। इसके साथ साथ सभी ऑटो चालकों को यातायात नियमों के संबंध में लगातार जागरूकता अभियान किया जा रहा है। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि ऑटो चालक अक्सर ऑटो में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने का प्रयास करते है जिससे सड़क दुर्घटना के साथ साथ आम नागरिकों की सुरक्षा का खतरा की संभावना बढ़ जाती है। इस संबंध में सुरक्षा दृष्टिगत आमजन को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। परंतु कुछ चालक नियमों की अनदेखी करते हुए यातायात नियमों का पालन नहीं करते इसलिए उनके खिलाफ एक विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गई है। इसके अलावा यातायात पुलिस के द्वारा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1979 वाहन चालको के पोस्टल/ ई-चालान काटकर जुमार्ना किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस का लगातार प्रयास रहता है कि शहर वासियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके और यात्री सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

# अयोध्या से आए अक्षत कलश का किया स्वागत

## शोभा यात्रा का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या** में निमार्णाधीन प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में 'रामलला' के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश भर में उत्सव का माहौल है। आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले देश भर में कई कार्यकर्मों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश का नरेला में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद नरेला जिला द्वारा अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रामदेव चौक से शुरू होकर पाना मामूरपुर, मेन बाजार, झंडा चौक, बस स्टैंड, लामपुर मोड़, पुरानी अनाज मंडी होते हुए रामकुटी मंदिर में संपन्न हुई।

शोभा यात्रा का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। इस दौरान पूरा नरेला क्षेत्र श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इसके पश्चात ढोल नगाड़ों व वैदिक मंत्रोचार के साथ रामकुटी मंदिर में कलश की स्थापना की गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद उत्तरी विभाग सहमंत्री मनोज बंसल ने सभी से आवाहन करते हुए कहा कि आगामी 22 जनवरी को अपने पड़ोस के मंदिरों में आनंदोत्सव के तौर पर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को मनाए। मंदिर में इकट्ठा होकर भजन पूजन कीर्तन हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करें। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें। साथ ही शाम को अपने घर में दीप जलाकर प्रभु राम लाल के मंदिर में स्थापित होने की खुशियां मनाएं। शोभायात्रा में विश्व हिंदु परिषद से उतरी विभाग सह मंत्री मनोज बंसल,नरेला जिला अध्यक्ष सुरेंद्र गर्ग ,जिला मंत्री राजेश जैन ,ज़िला कोषाध्यक्ष परवीन गुप्ता,कंदर्प गुप्ता, कुलदीप मान,विकुल त्यागी, लतेश दाहिया, उषा तोमर, रिया प्रभाकर, कृष्ण गुलिया, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से पंकज वार्ष्णेय, ब्रह्म बंसल,सुभाष कोच, मंत्री, संदीप, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ,मनोनीत निगम पार्षद मुकेश मान, राजकुमार गोयल, अनिल ठेकेदार ,प्रोमिला दूहन, विनोद बंसल, शिवम दर्शन, धीरज राजपूत ,नंदनी, संजय शर्मा ,नवीन रोहिला सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे ।

**धर्म की बात**

**8 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले देश भर में कई कार्यकर्मो का हो रहा है आयोजन।**

# लवली ने दिल्ली के सभी14 जिलों में पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** कांग्रेस पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर चुस्त दुरस्त करने व पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने के लिए लगातार की जा रही कवायद की कड़ी में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया से से परामर्श करने के बाद सभी14 जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त करने की घोषणा की। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह पर्यवेक्षक पहले से ही जिलों में कार्यरत समिति का न केवल हिस्सा होंगे बल्कि आपस में समन्वय स्थापित करके जमीनी स्तर पर काम करेंगे। श्री लवली ने नामों की घोषणा करते हुए बताया कि पूर्व विधायक भीष्म शर्मा (कृष्णा नगर), कुंवर करण सिंह (करावल नगर), ब्रहम यादव (नई दिल्ली), जय किशन शर्मा, (महरौली), सतपाल सैठी (तिलक नगर), कैप्टन खविन्दर सिंह (नजफगढ़) चतर सिंह (करोल बाग), सुनील वोहरा (पटपड़गंज) लक्ष्मण रावत (बाबरपुर), जगजीवन शर्मा (रोहिणी), सुखबीर शर्मा (चॉदनी चौक), हरी किशन जिंदल (बदरपुर) राजकुमार इंदोरिया (आदर्श नगर) राजेश चोपड़ा (किराड़ी) यह शामिल है। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि इसी सप्ताह पहले से कार्यरत कमेटी व पर्यवेक्षकों की एक संयुक्त बैठक भी बुलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी 280 ब्लाकों में सक्रिय कार्यकर्ताओं को ब्लाक अध्यक्ष व अन्य जिम्मेदारियों देने की सिफारिश यह पर्यवेक्षक करेंगे।

# बच्चों में सींचे संस्कार के भाव: सुरजीत सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन** विधानसभा के पार्ट तीन में रहने वाले प्रसिद्ध समाज सेवी सुरजीत सिंह ने कहा कि तन, मन धन और वचन से दूसरे की सेवा में सदैव तत्पर रहना चाहिए व अपने बच्चों में भी निस्वार्थ भाव से सेवा करने हेतू संस्कार के बीज बौने चाहिए। क्योंकि समाज सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।

**संस्कारों का बड़ा महत्व:** मानव जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व माना जाता है। क्योंकि जैसे मां बाप होंगे वैसी ही उनकी संतान भी होगी और जो रास्ता आप अपने बच्चों के लिए तैयार करेंगे आपकी संतान भी आपके दिखाए मार्ग पर अग्रसर होगी। इसलिए जरूरी है कि नि:स्वार्थ भाव से यथासंभव जरूरतमंद की मदद करना, सेवा करना हमारे संस्कारों की पहचान कराता है।

**प्रारंभ में ही दिखाए सत्य का मार्ग:** जिन बच्चों में प्रारम्भ से सेवा की भावना बीज अंकुरित कर दिया जाता है वे आगे चलकर अपने सेवा-भाव से समाज में प्रतिष्ठा के पात्र बन जाते हैं।
वास्तव में समाज के निर्माण और भविष्य में उन्नति के लिए बच्चे में सेवा-भाव का विकास करना अत्यंत आवश्यक है।



वार्ड-18 में बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा भलस्वा डेरी की कई गालियों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने आप नेता सुरेश शर्मा का स्वागत भी किया।

# शालीमार बाग: सभी को करना चाहिए वृक्षारोपण: ज्योति सैनी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** मंडल मंत्री ज्योति सैनी ने कहा कि वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें ऑक्सीजन, भोजन, आश्रय और बहुत कुछ देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये।
उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। सैनी ने कहा कि भाजपा के राज में आज देश में विकास ही विकास देखने को मिल रहा है। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है। भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। तभी तो लोग भाजपा के कार्यों से बहुत ज्यादा प्रभावित है।

# भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया है: बलराम गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता बलराम गुप्ता ने कहा कि आज देश के लोग भाजपा के राज में काफी ज्यादा खुश है। क्योंकि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है।
उन्होंने आगे बताया कि आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अच्छी नीतियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को जाता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने बताया कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से खुश है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है।
उन्होंने भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि तीन राज्यों के नतीजों ने दिखा दिया कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ी है और निश्चित ही 2024 में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे।
उन्होंने यह बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए, जिससे आज विश्व की हर बड़ी कंपनी देश में अपना निवेश कर रही है।

# त्रीनगर: टूटी सड़को से लोग परेशान

**गर्ग ने कहा**

**8 टूटी सड़को से लोग परेशान है, और सरकार इस ओर ध्यान देने को कतई भी तैयार नहीं हैं।**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** के अंतगर्त आने वाले त्रीनगर वार्ड नंबर-63 के लोग काफी लंबे समय से सड़क बनने की बाट जोह रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे क्षेत्र में सड़को का ऐसा हाल हैं कि पता ही नहीं चलता है कि सड़कों पर गड्डे हैं या फिर गड्ढों में सड़कें बनाई गई हैं। टूटी फूटी सड़को की वजह से लोगों को आवाजाही में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा हैं। मामले में क्षेत्र की जनता ने विधायक पर अनदेखी करने का आरोप भी लगाया हैं। मामले में वार्ड-63 के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने कहा है कि जब से प्रीति तोमर विधायक बनी है तभी से क्षेत्र से नदारद है जिनकी नदारगी का खामियाज़ा क्षेत्र की जनता भुगत रही हैं। वहीं भाजपा नेता व बूथ अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि त्रीनगर की गली नंबर-12 में जल बोर्ड द्वारा गली खुदाई की गई थी और काम खत्म होने के बाद से वैसे की वैसी ही पड़ी हुई हैं, जिसके चलते आने-जाने में लोगों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।



पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद डॉ. हर्षवर्धन को जन्मदिन की बधाई देते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी व अन्य कार्यकर्ता।

# नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच की प्रंशसा की



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** लोकतांत्रिक मतदाता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भारतीय जनता पार्टी की शीर्ष त्रिमूर्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के चयन में जातीय समीकरण के अनुकूल, पार्टी के समर्पित सामान्य कार्यकर्ताओ को मुख्यमंत्री बनाकर जो मान-सम्मान दिया है।

# सभी गरीब व असहाय लोगों की करें मदद: बद्रूदीन खान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर के** समाजसेवी बद्रूदीन खान ने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें। क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है।
उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है।

# गरीबों में कंबल का वितरण करना पुण्य का कार्य है: चित्रा विद्यार्थी







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** अशोक विहार इलाके स्थित जय माता मंदिर के पास संगम मित्र मंडल की ओर से कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।
इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने शिरकत की और लोगों में कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि आज संगम मित्र मंडल की ओर से बड़ा ही अच्छा कार्य किया गया है। मैं इसके लिए मंडल की पूरी टीम का धन्यवाद करती हूं और कहना चाहती हूं कि सभी को इस प्रकार के कार्य अधिक से अधिक करने चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों में कंबल का वितरण करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहती हूं कि सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले और गरीब व असहाय लोगों की दिलखोल कर मदद करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।